सूर्योदय 6:12 सूर्यास्त 6:05
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम -31.7
न्यूनतम - 23.6

50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | मूल्य 2/-

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840) (M. 9412710840)
सम्पर्क सूत्र: (कार्यालय) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-50 | अंक-271 | शनिवार 01 अक्टूबर, 2022 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

अनमोल वचन
गलत तरीके अपनाकर सफल होने से यही बेहतर है, सही तरीके के साथ काम करके असफल होना।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...
भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर सपा से सत्ता छीनी है : अखिलेश यादव



हम को मालूम है जन्नत की हक़ीक़त लेकिन.....दिल के खुश रखने को 'ग़ालिब' ये ख़याल अच्छा है.....

अग्निवीरों की दौड़ में पकड़े गए 50 नशावीर बाहर

➲मैदान पर खाली सीरिंज पाए जाने के बाद कराई गई जांच

➲पचास युवाओं का ब्लड प्रेशर पाया गया 160 से अधिक

➲कई युवा आधार कार्ड में जन्म तिथि बदलवाकर पहुंचे

➲नशे के इंजेक्शन लेने का मामला पकड़े जाने के बाद बढ़ेगी सख्ती

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। अग्निवीर भर्ती के लिए कागजातों में हेराफेरी का मामला पकड़े जाने के बाद आज स्टेमिना बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के प्रयोग का मामला पकड़े जाने से हड़कंप मचा है। चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती परीक्षा में नशीले पदार्थों का सेवन कर दौड़ लगाने आए 50 अभ्यर्थी पकड़े गए। युवकों को भर्ती से बाहर निकाल दिया गया। अमरोहा जिले के इन युवाओं को दौड़ से हुए परीक्षण के दौरान पहले जिला अस्पताल की मेडिकल टीम ने इन युवकों को पकड़ा है। मामला पकड़े जाने के बाद अब युवाओं को और कड़ी जांच के दौर से गुजरना पड़ेगा।

जिले में चल रही अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का एक और प्रयास सामने आने के बाद अधिकारी चकित हैं। चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में शुक्रवार को अमरोहा जनपद की दो तहसील अमरोहा सदर व हसनपुर के अभ्यर्थियों की भर्ती परीक्षा दौड़ थी। गत दिवस ही आर्मी इंटेलीजेंस और पुलिस ने भर्ती के लिए आयु में घटत बढ़त करने की कोशिश के चलते हेराफेरी करने का मामला पकड़ा था। इस मामले की जांच अभी चल ही रही थी कि आज भर्ती में आए लगभग 50 अभ्यर्थी प्रतिबंधित इंजेक्शन का प्रयोग करते पाए गए। इन सभी को जांच के बाद भर्ती से बाहर कर दिया गया। भर्ती अधिकारी कर्नल ने बताया कि पिछले कुछ समय से ऐसी सूचनाएं मिल रही थीं कि कुछ युवा दौड़ में स्टेमना बढ़ाने के लिए प्रतिबंधित दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस दौरान सतर्कता के साथ उनका परीक्षण किया गया तो पाया गया कि उनमें बड़ी संख्या

अग्निवीर भर्ती स्थल की चैकिंग करता डॉग स्काएड दल

में युवाओं का ब्लड प्रेशर 160 के आसपास था। कई युवक अपने कपड़ों के भीतर इंजेक्शन छिपाकर पहुंचे थे। रात में इंतजार के बाद सुबह के समय जब दौड़ का समय आया तो उन्होंने प्रतिबंधित इंजेक्शनों का इस्तेमाल किया। जांच के दौरान कई अभ्यर्थियों के आधार कार्ड भी फर्जी पाए गए हैं। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित कर दौड़ और भर्ती प्रक्रिया से निकाल दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार प्रतिदिन की भांति आज भी भर्ती दौड़ के लिए पहुंचे अभ्यर्थियों को स्टेडियम में प्रवेश देने के बाद स्टेडियम के अंदर इस्तेमाल की गई इंजेक्शन की सीरिंज पड़ी मिली। इसकी सूचना जब सेना के उच्चाधिकारियों को दी गई तो भर्ती के प्रभारी कर्नल सोमेश जसवाल ने मैदान में मौजूद युवाओं की जांच कराने के लिए वहां मौजूद चिकित्सकों की टीम को बुला लिया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम को जांच की के दौरान 50 अभ्यर्थी ऐसे मिले जिन्होंने प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन का प्रयोग किया था। इसके बाद इन युवाओं को अन्य युवाओं से अलग कर दिया गया। कर्नल जसवाल ने बताया कि पूछताछ और जांच में पता चला कि यह अभ्यर्थी अपने कपड़ों में प्रतिबंधित इंजेक्शन छिपाकर लाए थे। स्टेडियम में दौड़ शुरू होने से पूर्व उन्होंने स्वयं यह इंजेक्शन लगाया। इनमें कुछ युवाओं ने असावधानी वश खाली सीरिंज मैदान ही फेंक दी और मामला पकड़ में आ गया। चिकित्सकों का कहना है कि इंजेक्शन लगाने वाले युवकों का ब्लड प्रेशर 160 के आसपास था। दौड़ के समय उनका ब्लड प्रेशर और बढ़ सकता था, जिससे उनके लिए खतरा हो सकता था। सेना के अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम में प्रवेश से पूर्व कागजातों की जांच के दौरान कई अभ्यर्थियों के पास फर्जी आधार कार्ड भी मिला है। बताया गया है कि इनमें कुछ अभ्यर्थी पहले सैन्य भर्ती रैली में भाग कर चुके थे और जन्मतिथि बदलवाकर फर्जी आधार कार्ड के जरिए दोबारा भर्ती के लिए आए थे। ऐसे युवकों का आवेदन भी निरस्त करते हुए उनको अयोग्य घोषित कर भर्ती रैली से बाहर कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार यह मामला पकड़े जाने के बाद अब सतर्कता बढ़ा दी गई है।

फुगाना पुलिस ने नशा तस्कर दबोचा

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। फुगाना पुलिस ने भारी मात्रा में नशीली गोलियां और इंजेक्शन के साथ तीन तस्करों को दबोचा है। आरोपित अपने मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाईयां बेच रहे थे। आरोपितों से बरामद नशीली दवाईयों की कीमत लगभग तीन लाख रुपये है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपितों को जेल भेज दिया। पुलिस लाईन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार देर शाम फुगाना पुलिस ने गांव खरड़ में फौजी मेडिकल स्टोर के पास से तीन लोगों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपितों से नशे की 4५640 गोलियां, 8276 कैप्सूल और 316 इंजेक्शन बरामद किए। आरोपितों से एक बाइक भी बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम उवैश निवासी ग्राम पिठलोकर थाना सरधना, जनपद मेरठ हाल निवासी भारत मैडिकल एजेन्सी बुहाना, मोहन निवासी गली नंबर सात रामलीला टिल्हा शहर कोतवाली और अर्पित मलिक निवासी गांव खरड़ थाना फुगाना बताए। एसपी देहात ने बताया कि उवैश और अर्पित का मेडिकल स्टोर है। दोनों चिकित्सक के बिना पर्चे के ही लोगों को उक्त नशीली गोलियां मोटे मुनाफे में बेचते थे। दबोचा गया आरोपित मोहन उक्त दोनों को हरियाणा और अन्य जनपदों से नशीली दवाई मंगाकर सप्लाई करता था। बरामद दवाईयों की कीमत लगभग तीन लाख रुपये है।

पुलिस हिरासत में नशा तस्कर गिरोह के सदस्य व उनसे बरामद नशीली दवाईयां तथा पत्रकारों को मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी

जिले में लम्पी पीड़ित पशुओं की तादाद पहुंची सात हजार

प्रशासन ने की पशुओं का बीमा कराने की अपील

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। सरकारी आंकड़ों में जिले में लम्पी बीमारी से पीड़ित गौवंशीय पशुओं की तादाद सात हजार के करीब पहुंचने के बाद अब विभाग को पशुओं का बीमा कराने की सुध आई है। पशुपालन विभाग ने पशु पालकों से अपने पशुओं का बीमा कराने को कहा है। स्थिति यह है कि अनेक लम्पी पीड़ित पशु लावारिस भी घूम रहे हैं।

प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि जनपद में एलएसडी बीमारी से ग्रसित 259 नये पशु चिन्हित किये गये हैं। पूर्व से ग्रसित पशुओं में से 6131 पशु स्वस्थ हो गये हैं। यह बीमारी एक संक्रामक रोग विषाणुजनित बीमारी है, अधिकांशतः यह बीमारी गोवंशीय पशुओं में पायी जाती है, रोग का संचारण/फैलाव/प्रसार पशुओं में मक्खी, चीचडी एवं मच्छरों के काटने से होता है। इस बीमारी से प्रभावित पशुओं को बुखार होना, पूरे शरीर में जगह-जगह नोड्यूल/गांठों का उभरा हुआ दिखाई देना है। बीमारी से ग्रसित पशुओं में मृत्यु दर अनुमानित 1 से 5 प्रतिशत है।

बीमारी की रोकथाम हेतु आवश्यक है कि बीमारी से ग्रसित पशुओं को स्वस्थ पशुओं से

अलग रखना, पशुओं में बीमारी को फैलाने वाले घटकों की संख्या को रोकना अर्थात् पशुओं को मक्खी, चीचडी, मच्छरों के काटने से बचाना, पशुशाला की साफ-सफाई दैनिक रूप से करना तथा डिस्इंफेक्शन (जैसे-चूना आदि) को स्प्रे करना, मृत पशुओं के शव को गहरे अर्थात् न्यूनतम 5-6 फीट गहरे गड्ढे में दबाया जाना आवश्यक है। पशु पालकों से अनुरोध किया है कि वह अपने बीमारी से ग्रसित पशुओं को स्वस्थ पशु से अलग बांधें।

जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जनपद की समस्त गौशालाओं तथा 603 राजस्व ग्रामों में डिस्इंफैक्शन स्प्रे कराया गया है। उक्त बीमारी के सम्बन्ध में सूचना आदान-प्रदान करने तथा बीमारी की सूचना उपलब्ध कराने के लिये जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट में स्थापित कन्ट्रोल रूम नं0-9897715888, 9897749888 पर सूचित कर सकते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि जनपद के पशुपालकों के लिये स्वःरोजगार योजनान्तर्गत केसीसी पशुपालन घटक का आरम्भ किया गया है, जिसके अन्तर्गत जनपद को 4150 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके अन्तर्गत कोई भी पशुपालक अपने पशुओं का केसीसी पशुपालन घटक में किसी भी बैंक से बनवा सकता है। इस योजना में 1,60,000 रुपये की धनराशि का केसीसी बिना गारंटी बनवाया जा सकता है। इसका आवेदन कोई भी लाभार्थी अपने निकटतम पशु चिकित्सालय/पशु सेवा केन्द्र से प्राप्त कर पूर्ण करवाकर पशु चिकित्साधिकारी/पशुधन प्रसार अधिकारी के माध्यम से भेज सकता है। जनपद के पशुपालकों के लिये विभाग द्वारा पशुधन बीमा योजना लागू की गयी है, जिसका लक्ष्य 2800 है, जिसमें कोई भी पशुपालक अपने दुधारू पशु का बीमा करा सकता है। सामान्य एवं पिछड़ी जाति के लाभार्थियों के लिये बीमा प्रीमियम का 75 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिये 90 प्रतिशत धनराशि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा वहन की जायेगी, शेष धनराशि लाभार्थी द्वारा स्वयं वहन की जायेगी। पशुधन बीमा कराने के लिये अपने निकटतम पशु चिकित्सालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस योजना में एक दुधारू भैंस का बीमा अधिकतम 50,000 रुपये तथा एक दुधारू गाय का बीमा अधिकतम 40,000 रुपये का कराया जा सकता है। एलएसडी बीमारी से प्रभावित ग्रामों को छोड़कर आज तक कुल 235000 पशुओं में गोट पाक्स वैक्सीन का टीकाकरण किया गया। सभी ग्रामवासियों से अपील की गई है कि वह अपने-अपने गोवंशीय पशुओं में टीकाकरण कराये, टीकाकरण रोस्टर के अनुसार टीम आपके ग्राम में आपके घर जाकर निःशुल्क टीकाकरण करेगी। टीकाकरण केवल रोस्टर के अनुसार किया जायेगा, वर्तमान में बीमारी पर नियंत्रण है। सभी ग्रामवासी धैर्य बनाकर रखें, पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध है।

काबुल के स्कूल में आत्मघाती बम धमाके में 100 से ज्यादा बच्चों की मौत

नई दिल्ली, 30 सितंबर (वार्ता)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक स्कूल में आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम 100 बच्चों की मौत हो गई। स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि रिपोर्टिंग के दौरान मानवीय संवेदनाओं को हिला कर रख दिया। स्कूल के आस-पास शवों को पहचानना भी मुश्किल हो रहा था। कहीं हाथ पड़े थे कहीं पैर। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट शहर के पश्चिम में दश्त-ए-बारची इलाके में काज स्कूल में हुआ। एक स्थानीय पत्रकार, बिलाल सरवरी ने इस हमले पर ट्वीट किया कि हमने अब तक अपने छात्रों के 100 शवों की गिनती की है। मारे गए छात्रों की संख्या बहुत अधिक है। कक्षा खचाखच भरी थी। वे छात्र विश्वविद्यालय में दाखिले की तैयारी के लिए जमा हुए थे। एक स्थानीय पत्रकार के अनुसार, इस घटना में ज्यादातर छात्र हैं, जिनमें ज्यादातर हजारा और शिया थे, जो मारे गए। हजारा अफगानिस्तान का तीसरा सबसे बड़ा जातीय समूह है। लेखक ने भयावहता को याद करते हुए कहा कि काज उच्च शिक्षा केंद्र के एक शिक्षक ने बच्चों के अंगों को उठाया। कहीं हाथ पड़े थे, कहीं पैर। ट्विटर पर विस्फोट से पहले का एक वीडियो भी साझा किया गया था जहां आतंकियों ने बम धमाका किया था।

हिजाब विरोधी प्रदर्शन में 76 की मौत, गायिका ने मंच पर काटे बाल

इस्तांबुल/तेहरान, 30 सितंबर (वार्ता)। ईरान में हिजाब का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के पक्ष में तुर्किये की गायक मेलेक मोसो ने अपने बाल सार्वजनिक मंच पर काट दिए। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे एक वीडियो में यह कलाकार ईरानी प्रदर्शनकारियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए बाल काटते देखी जा सकती हैं। दरअसल 22 वर्षीय महसा अमिनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के पक्ष में पूरी दुनिया से आवाजें उठ रही हैं। हिजाब को लेकर ईरान में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों के साथ झड़पों में अब तक कम से कम 76 लोगों की मौत हो चुकी है। महसा की मौत के 10 दिन बाद यह आंदोलन ईरान के 46 शहरों में फैल चुका है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में महिला प्रदर्शनकारियों को देश में लागू किए गए सख्त ड्रेस कोड के विरोध में अपने बालों को काटने और अपने हिजाब को हटाने और उन्हें आग लगाने के लिए दिखाया गया है। यह प्रदर्शन अब लंदन, फ्रांस, सीरिया सहित कई देशों में भी फैल गया है। अमेरिका, कनाडा, स्वीडन, ऑस्ट्रिया, इटली, स्पेन, जर्मनी, इराक, लेबनान और तुर्की में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं।

करन्ट से युवक की मौत परिवार में मचा कोहराम

भोपा, ३० सितम्बर (बु.)। जज्जर होकर लटक रही हाईटेंशन लाइन से लोहे का पाईप टकरा गया। लोहे के पाइप को पकड़े हुए युवक शाहनजर को करन्ट का तेज झटका लगा। तेज करन्ट से झुलसे युवक शाहनजर को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव कम्हेड़ा में स्थित रशीद के गुड़ कोल्हू परिसर में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का कार्यक्रम आयोजित होना था, जिसकी तैयारियों में आयोजक जुटे हुए थे। कार्यक्रम के टेन्ट आदि लगाने को लेकर २६ वर्षीय शाहनजर पुत्र गय्यूर लोहे के पाइप को जमीन में गाड़ रहा था कि लोहे का पाईप अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार से टकरा गया, जिससे शाहनजर को तेज झटका लगा तथा वह गम्भीर रूप से झुलस गया। शाहनजर को चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे ककरौली थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने घटना की जानकारी की। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शाहनजर की आखरी रसूमात अदा की। शाहनजर अपने पीछे पत्नी समीना व दो पुत्रों ५ वर्षीय अल्तमश तथा पांच माह के अरहम को छोड़ गया है। शाहनजर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक राजमिस्त्री कार्य सहित मजदूरी का कार्य करता था। शाहनजर की मौत के बाद परिवार की आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। मृतक के भाई नजर मोहम्मद, शाहनवाज, नवाजिश, शादाब व ग्राम प्रधान शाहनवाज ने मृतक के परिवार के लिये आर्थिक सहायता की मांग प्रशासन से की है। वहीं "आओ जुड़े जड़ों से" कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संगठन महामन्त्री तुषार कुमार ने शाहनजर की मौत पर संवेदना प्रकट की है।

मां दुर्गा की छठी शक्ति
// कात्यायनी //

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याछेवी दानवघातिनी।।

मां दुर्गा के छठवें स्वरूप का नाम कात्यायनी है। इनका कात्यायनी नाम पड़ने की कथा इस प्रकार है– कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे।

शेष : पृष्ठ ४ पर

काशीराम आवास में रह रहे बाहरी लोग होंगे बाहर

➲एसडीएम के निरीक्षण के दौरान मिले अवैध रूप से रह रहे कई लोग

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। उप जिलाधिकारी सदर उप जिलाधिकारी बुढ़ाना एवं उप जिलाधिकारी जानसठ के द्वारा काशीराम आवास की जांच मौके पर जाकर की गई। इस दौरान कई बाहरी लोगों को अनधिकृत रूप से कांशीराम आवास में निवास करते पाए जाने के बाद उन्हें आवास खाली करने के आदेश दिए गए। जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी सदर परमानंद झा, उपजिलाधिकारी बुढ़ाना अरुण कुमार एवं उप जिलाधिकारी जानसठ अभिषेक कुमार के द्वारा संयुक्त रुप से कांशीराम आवास की जांच मौके पर जाकर की गई जांच के दौरान पाया गया कि जिन व्यक्तियों को मकान अलॉट किए गए थे उनके स्थान पर अन्य व्यक्ति रह रहे हैं जिनसे मकान को जल्द से जल्द खाली करने के निर्देश उप जिलाधिकारी सदर द्वारा दिए गए। मौके पर नगर कोतवाल आनंद देव सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ व्यापारी नेता सुशील सिल्लो ने रालोद और राजनीति को भी कहा विदा

➲बोले: व्यापारियों के हित और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित रहेगा जीवन

शाहपुर के तावली मदरसे में चौधरी अजीत सिंह के साथ सुशील कुमार सिल्लो व राजपाल बालियान।

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। राष्ट्रीय लोक दल को आज उस समय एक बड़ा झटका लगा जब पार्टी में करीब तीन दशक से सक्रिय रहे बड़े नेता सुशील कुमार सिल्लो ने पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया। रसूखदार परिवार से आने वाले सुशील सिल्लो ने आयु के आधार पर अपना इस्तीफा दिया है। राष्ट्रीय लोक दल में मंडल उपाध्यक्ष से लेकर प्रदेश सचिव तक तमाम महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार सिल्लो ने आज रालोद की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देते हुए सक्रिय राजनीति को भी बॉय-बॉय कहने का ऐलान कर दिया है। शहर की राजनीति में काफी लंबे समय से अपनी धाकड़ छवि के साथ सक्रिय रहे सुशील कुमार सिल्लो व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिला अध्यक्ष युवा नेता विश्वदीप गोयल बिट्टू के पिता हैं। रालोद में करीब 28 साल तक विभिन्न पदों पर रह चुके और स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह के काफी नजदीकी रहे सुशील कुमार सिल्लो ने अपनी पारिवारिक परंपरा को निभाते हुए संगठन के लिए पूरे मन से काम किया। इसके बाद तमाम राजनीतिक दलों की ओर से उन पर दबाव डाला गया और टिकट तक का लालच बसपा के उच्च पदाधिकारियों ने दिया। अन्य दलों के नेता भी उन्हें समझाते और मनाने के लिए कई बार उनके पास पहुंचे, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उन्होंने रालोद नहीं छोड़ा। वे हमेशा पार्टी के प्रति वफादार बने रहे। स्व. चौधरी अजित सिंह उनका पूरा सम्मान करते थे। रालोद एमएलसी रहे चौधरी मुश्ताक के करीबी सुशील कुमार सिल्लो ने आज रालोद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का ऐलान करते हुए कहा कि वे पार्टी में लगातार बिना किसी लालच के सक्रिय रहे हैं, लेकिन अब आयु अधिक हो जाने के कारण हुए सक्रिय राजनीति से भी संन्यास ले रहे हैं। उन्होंने इस दौरान पार्टी के तमाम नेताओं खास तौर से पूर्व एमएलसी चौधरी मुश्ताक व अन्य पदाधिकारियों द्वारा इस दौरान दिए गए सहयोग का आभार जताया। रालोद के साथ व्यापारी राजनीति में भी बड़ी भूमिका वे निभाते रहे हैं और इस समय भी व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश सचिव हैं। उन्होंने कहा कि वे सामाजिक कार्यों में पूर्व की तरह भागीदारी करते रहेंगे। व्यापारी हितों और वैश्य समाज समेत तमाम वर्गों के प्रति उनका जीवन हमेशा समर्पित रहेगा। सुशील कुमार सिल्लो के पुत्र विश्वदीप गोयल बिट्टू अब उनके काम को आगे बढ़ा रहे हैं। बिट्टू विभिन्न सामाजिक और व्यापारी संगठनों में सक्रिय रहते हुए अपना योगदान दे रहे हैं।

शिवचौक से कचहरी के लिए रालोद के प्रदर्शन में सुशील सिल्लो व अन्य पार्टी नेतागण।

रालोद कार्यालय पर चौधरी मुश्ताक के एमएलसी बनने का जश्न।

ओम प्रकाश घोड़ी वालों की परंपरा को सुशील सिल्लो के बाद विश्वदीप गोयल बढ़ा रहे आगे

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। व्यापारी नेता सुशील सिल्लो उन ओम प्रकाश घोड़ी वाले ओमी जी के परिवार से हैं, जिनकी शहर में धाक रही है। 1942 में उन्होंने सेना में सेवाओं के दौरान अन्याय के खिलाफ प्रतीक बन कर कार्य किया। उनके नाम से अंग्रेज भी घबराया करते थे। देश की आजादी की जंग के दौरान उन्होंने सेना में इस शर्त के साथ सेवा स्वीकार की थी कि जब तक देश आजाद नहीं होता तब तक वे सेवा करेंगे। बाद में उन्होंने सेना छोड़ कर समाज सेवा का बीड़ा उठाया और हिंदू मुस्लिम भाई चारे की मिसाल पेश करते हुए कार्य किया। वैश्य समाज की आन बान और शान के प्रतीक के रुप में घोड़ा बग्घी पर बैठकर जब वे निकलते थे तो उनकी शान अलग होती थी। अंग्रेज भी उन्हें घोड़ा बग्घी में हरा नहीं पाए। 1920 में जन्में ओम प्रकाश घोड़ी वाले का 15 दिसंबर 2001 को निधन हुआ तो हर कोई शोक मग्न था। उनके पुत्र सुशील सिल्लो भी उनकी परंपरा को लेकर व्यापारिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े रह कर सेवाएं करते रहे। इसी परंपरा को लेकर उनके पौत्र विश्वदीप गोयल बिट्टू आगे बढ़ रहे हैं।

प्रेमपुरी में अपने आवास पर रालोद नेता त्रिलोक त्यागी का स्वागत करते सुशील सिल्लो व अन्य

50 साल की मेहनत रंग लाई, हर किसी के दिल में धड़कता है बुलेटिन

-पाठकों की एक ही आवाज अपना बुलेटिन-अपना बुलेटिन -3 अक्टूबर के स्वर्ण जयंती समारोह को ऐतिहासिक बनाने में जुटा है बुलेटिन परिवार

मुजफ्फरनगर, ३० सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर की पत्रकारिता में बुलेटिन अकेला ऐसा हिन्दी दैनिक अखबार है जो अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है। 50 वर्षों की मेहनत, संघर्ष साफ झलक रहा है। बुलेटिन परिवार समारोह को ऐतिहासिक बनाने में जुटा है। शुक्रवार को भी बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने विभिन्न मार्किटों में सम्पर्क साधा तो पाठक बुलेटिन की धाक और विश्वास की कहानी बया करने में पीछे नहीं रहे।

नई मण्डी की बिंदल मार्किट एसोसिएशन ने बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया। दुआ ने मार्किट के व्यापारियों को 3 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में लिए आमंत्रित भी किया। व्यापारी नेता गिरीश पाहुआ, सूरज पाहुजा, नवीन बिंदल, विजय बाटा, गुरूजीत चावला, मदन बंसल, अजय पाहुजा, आकाश पाहुजा, राकेश अरोरा, अरविन्द, मोहन, सुरेन्द्र, अमन, शैंकी, हरीश, मनीष आदि इस दौरान मौजूद रहे।

बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने **विजय चैम्बर** के पूर्व चेयरमैन मनोहर लाल काबरा, सुभाष गुप्ता, बिंदल बाजार में व्यापारी अजय कुमार जैन, एसडी मार्किट में डीएम मान टेलर्स तथा नई मण्डी में अर्चना साड़ीज के मालिक हर्षवर्धन जैन, राहुल जैन, प्रशान्त जैन और एसडी मार्किट में सरदार ट्वींकल को स्वर्ण जयंती समारोह का निमंत्रण दिया।

रामभोय मार्किट में व्यापारी नेता अशोक बाठला और संजय गार्मेंट्स के मालिक, सिद्धार्थ मोबाइल कम्यूनिकेशन के मालिक सिद्धार्थ बाठला की अगुवाई में व्यापारियों को निमंत्रण दिया गया।

चर्च के सामने भगवती मार्किट से जुड़े व्यापारियों को भी बुलेटिन सम्पादक की ओर से 3 अक्टूबर के आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र दिया गया।

लाल सिंह मार्केट के व्यापारियों ने सम्पादक का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। व्यापारियों ने बड़ी से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने का भरोसा दिया। स्वागत करने वालों में घनश्याम पालीवाल, आशीष सिंघल, ओमी छाबड़ा, दिनेश भगत जी, अजीत, सुरेश छाबड़ा, ईशान, मुस्कीम, भंवर लाल, परवेज आदि व्यापारी मौजूद रहे

इसी क्रम में **मोलाहेड़ी मार्केट** के व्यापारियों को भी सम्पादक अंकुर दुआ की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु निमंत्रण दिया गया। व्यापारियों ने बुलेटिन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए रंगीन संस्करण की बधाई दी। इस दौरान अंकुर जैन, विजय सिंधी, किशन स्वरूप, ओम प्रकाश जल्होत्रा, अशोक छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, दीपक छाबड़ा, हर्ष पाहुजा, गुलशन बाठला, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

वहीं नरजीत मार्किट के व्यापारियों राजकुमार खुड्डा, वेदप्रकाश, मुरारी लाल, अनिल फुटेजा, कमलेश जैन, सतपाल आदि ने बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ की कार्यशैली और उनकी क्षमता की सराहना की।

नेहरू मार्केट व्यापारियों को निमंत्रण देते मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि बुलेटिन आगे भी तमाम वर्गों की लड़ाई इसी दमदारी से लड़ता रहेगा। झांसी रानी व्यापार मंडल संरक्षक अमरजीत सिड़ाना, संयोजक विपिन सिंगल, संयोजक चुन्नीलाल सुनेजा, सुनील, राजदेव, जिलाध्यक्ष विक्की चावला, जिला उपाध्यक्ष नदीम अंसारी, आनंद पाल, संजीव बंसल, संजय चावला, प्रदीप उत्तरेजा, बांद्रा वर्मा, संजय मदान, नमन गर्ग आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

शिव मार्किट में बुलेटिन की सराहना

शहर कोतवाली के शिव मार्किट के व्यापारी बुलेटिन के रंगीन संस्करण को लेकर खासे उत्साहित नजर आए। उन्होंने बुलेटिन के संस्थापक उत्तम चन्द्र शर्मा और सम्पादक अंकुर दुआ की सराहना की। भानु प्रताप, संजय अरोरा, डॉ. कैलाश अरोरा, ज्ञानी गुरवचन सिंह, प्रतीक अरोरा, किशनलाल नारंग, राजीव, बिट्टू तनेजा, शिशुकान्त गर्ग, पवन, असलम, राजेश नारंग, रामनारायण, जयेन्द्र प्रकाश, संजय गिरधर आदि स्वागत समारोह में उपस्थित रहे।

क्रान्ति सेना ने किया बुलेटिन का सम्मान

मुजफ्फरनगर। क्रान्ति सेना ने शुक्रवार को प्रकाश चौक स्थित कार्यालय पर बुलेटिन सम्पादक को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। शरद कपूर ने संचालन करते हुए बुलेटिन के इतिहास और लेखनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्पादक दुआ ने अपने सम्बोधन में कहा कि क्रान्ति सेना समाज के हितों के लिए सदा तत्पर रही है। आगे भी राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी। इस दौरान क्रान्ति सेना के सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल उर्फ बंटी, जिलाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल, महानगर अध्यक्ष शरद कपूर, नरेंद्र ठाकुर, अनुज चौधर, मंगतराम, ब्रह्मपाल, गौरव गर्ग, विनोद गुप्ता, राजेन्द्र तायल, राकेश अरोरा, जितेन्द्र गोस्वामी, अमित ठाकुर, ब्रजपाल कश्यप, मोनी, सुशील, सोनू कश्यप, सतेन्द्र कुमार, अमित मित्तल, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, राजन वर्मा, आशिष मिश्रा, विकास चौहान, सुनिल सैनी, जंगी, शुभम गुप्ता, अतुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

गार्मेंट्स व्यापारियों ने किया दुआ का सम्मान

मुजफ्फरनगर। सदर बाजार गार्मेंट्स के व्यापारियों ने कार्यक्रम आयोजित कर सम्पादक अंकुर दुआ का सम्मान किया। साथ ही मुजफ्फरनगर बुलेटिन को 3 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रेम सागर बाठला, महेश बाठला (भोला जी), हिमांशु बाठला, प्रमोद गोयल, गुलशन दुटेजा, सचिन खुराना, अनिल बजाज, बिजेन्द्र गोयल आदि मौजूद रहे।

एसडी मार्किट में बुलेटिन को पलकों पर बैठाया

मुजफ्फरनगर। एसडी मार्किट में मुजफ्फरनगर बुलेटिन को पलकों पर बैठाते हुए सम्पादक दुआ के प्रयासों की सराहना की। दुआ ने बुलेटिन को रंगीन करने का जो सपना संजोया था, वो अल्प समय में पूरा होने जा रहा है। व्यापारी अनिल साड़ीज, इवनीत छाबड़ा, राजू वाधवा, विकास सचदेवा, राजेश आहुजा, अशोक कुमार साहनी, लक्की मदान, वासु पुनियानी, राकेश, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। इसी के साथ एसडी मार्किट में ही जसवीर सिंह, अनुज संगल, अनिल नारंग, मनीष मित्तल, अशोक, अमित खन्ना, अनिल गुलाटी, राजीव गुलाटी ने भी बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ को सम्मानित किया। गुरू तेग बहादुर मार्किट में विजेन्द्र कुमार अरोरा, आनन्द कुमार, अनिल बजाज, हरीश नारंग, आशीष, मयंक, सुदर्शन, मनीष मदान, गुरदीप सिंह आदि को बुलेटिन सम्पादक ने 3 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया।

किताबों वाली मार्किट में राधेश्याम, नरेश गोयल, सुभाष जैन, अचिंत्य मित्तल, मदन मेहता, सुभाष बजाज, मुकेश गोयल, आनन्द पाल, मदन मेहता, आशु त्यागी, राजकुमार कालरा आदि ने अंकुर दुआ का स्वागत किया।

पूर्व विधायक उटवाल को स्वर्ण जयंती समारोह का निमंत्रण

मुजफ्फरनगर। बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल को भाजपा नेता अचिंत मित्तल के साथ निमंत्रण पत्र दिया। पूर्व विधायक उटवाल ने बुलेटिन के रंगीन संस्करण की शुभकामनाएं देते हुए दुआ के इसी तरह आगे बढ़ने की कामना की। इसी दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ को भी आमंत्रित किया। जिला महामंत्री मनुप्रिय मजदूर, रोशन लाल, अमित कुमार गौतम, रवीन्द्र बेनीवाल, धीर सिंह सैनी, धर्मेन्द्र वाल्मीकि, वसीम मलिक आदि मौजूद रहे।

नई मंडी में व्यापारी अजय कुमार जैन परिवार को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ।

सदर बाजार रेडीमेड गारमेंट्स के व्यापारियों को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ।

नगर पालिका के शिव मार्केट में व्यापारियों को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ।

एसडी किताबों वाली मार्केट में व्यापारियों को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ।

बिंदल मार्केट एसोसिएशन के व्यापारियों को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ।

रामभोय एसोसिएशन मार्केट के व्यापारियों को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ।

नरजीत मार्किट के व्यापारियों को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ।

नेहरू मार्केट के व्यापारियों को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ।

एसडी मार्केट अनिल साड़ी एंपोरियम पर व्यापारियों को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ। –फोटो बुलेटिन

पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल को निमंत्रण पत्र देते संपादक अंकुर दुआ।

मीरापुर के विधायक चन्दन चौहान व सपा के वरिष्ठ नेता नरेश विश्वकर्मा को निमंत्रण पत्र देते सम्पादक अंकुर दुआ। –फोटो बुलेटिन

प्रकाश चौक स्थित क्रांति सेना के कार्यालय पर क्रांति सेना के पदाधिकारियों द्वारा बुके व प्रतीक चिन्ह देकर किया। –फोटो बुलेटिन

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आगमन से पूर्व जिला चिकित्सालय में बैठक करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल

मुजफ्फरनगर, ३० सितम्बर (बुस.)। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आगमन से पूर्व जिला चिकित्सालय में बैठक कर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एडी हेल्थ व सीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सूबे के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सोमवार को जिले में आएंगे। डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर मंत्री कपिल देव अग्रवाल व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने जिला सरकारी अस्पताल में बैठक कर अपर निदेशक चिकित्सा–स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सहारनपुर मण्डल डॉ. ब्रजेश सिंह राठौर व जिला चिकित्सा अधिकारी महावीर सिंह फौजदार व अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री कपिल देव ने अस्पताल परिसर में साफ–सफाई समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ–साथ तमाम खामियां दूर करने को कहा। मंत्री कपिल देव ने बताया कि डिप्टी सीएम नई दिल्ली से मुजफ्फरनगर पीडब्लूडी निरीक्षण भवन प्रातः १०.३० बजे आयेंगे, जहाँ जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओ से भेट करेंगे। इसके बाद उपमुख्यमंत्री का कफिला ११ बजे जिला चिकित्सालय पहुंचेगा, जहां वे चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनसुविधाओ का जायजा लेंगे। फिर वे वहलना जैन मंदिर पहुंचकर मुजफ्फरनगर बुलेटिन समाचार पत्र के रंगीन संस्करण का विमोचन तथा मंदिर दर्शन करेंगे। वहीं से उनका काफिला पुनः दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष शरद शर्मा, संदीप शर्मा, बोबीन्द्र सहरावत, रक्षित नामदेव, संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को जेल भेजा

बुढ़ाना, ३० सितम्बर (बु.)। स्थानीय पुलिस ने गैंगस्टर के एक अभियुक्त को उसके मकान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी संजय यादव ने अपने हमराह कांस्टेबल अंकित कुमार व कांस्टेबल रविकांत के सहयोग से एक मुखबिर की सूचना पर गश्त करने के दौरान उमरपुर गांव से गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त नफीस पुत्र बुन्दु निवासी ग्राम उमरपुर बुढ़ाना कोतवाली जिला मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है।

मुजफ्फरनगर मण्डी

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-
रसकट दैया -1200, चाकू 3250-3400, चौरसा -3150, पपड़ी 3150-3200

सर्राफा बाजार
अरिहन्त ज्वैलर्स

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे-
सोना- 51,650 चांदी- 58,000
सिक्का- 70,750 गिन्नी- 41,000

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
☎ (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन- 9368549219 (फै.)7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

मंत्री कपिल देव ने सीएम योगी के सामने उद्यमियों की डीजल जेनरेटर बंदी की समस्या को उठाया

मुजफ्फरनगर, ३० सितम्बर (बुस.)। मंत्री कपिल देव ने सीएम योगी के सामने उद्यमियों की डीजल जेनरेटर बंदी की समस्या को उठाया तथा इसके समाधान की मांग की। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के आदेशों के अनुसार एक अक्टूबर से दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में डीजल जनरेटर की बंदी और पीएनजी पर उद्योगों को लाने संबंधी समस्या से उद्यमी परेशान है। वें हर मोर्चे पर अपनी आवाज उठा रहे हैं। शहर विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उद्यमियों की आवाज को ताकत देने का काम किया है। दो दिन पूर्व लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई मंत्रियों की बैठक में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उद्यमियों की इस समस्या को समझने का आग्रह करते हुए इसके निस्तारण की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश से सीएक्यूएम के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान निकालने के लिए कहा है। विदित रहे, मंत्री कपिल देव ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भी प्रेषित किया है। मंत्री कपिल देव ने बताया कि आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर के चेयरमैन विपुल भटनागर व अन्य पदाधिकारियों ने इस संबंध में प्रत्यावेदन देकर अवगत कराया था तथा आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल से भी वार्ता हुई है। उन्होंने कहा कि वे प्रयासरत हैं तथा जल्द ही समस्या का समाधान निकाल लिया जाएगा।

सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ मासिक गोष्ठी आयोजित हुई

मुजफ्फरनगर, ३० सितम्बर (बुस.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक अपराध एवं पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ मासिक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित/विधिक निस्तारण हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर विनीत जायसवालके निर्देशन में प्रशांत कुमार प्रसाद पुलिस अधीक्षक अपराध एवं कुलदीप सिंह पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ पुलिस लाइन स्थित सभागार में मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में उपस्थित सभी व्यापारियों से क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। सभी को सुरक्षा की दृष्टि से अपने–अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, रात्रि में प्रकाश की उचित व्यवस्था रखने, आपसी सहयोग से मार्केट में सुरक्षा गार्ड/चौकीदार रखने, व्यापारिक कार्यों के दौरान कैश का परिवहन करने से पूर्व पुलिस को सूचित करने, किसी व्यापारी बंधु को किसी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति से किसी प्रकार का खतरा होने पर पुलिस को सूचना देने आदि के संबंध में अवगत कराया गया। व्यापारी बंधुओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी तथा उनके त्वरित/विधिक निस्तारण हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। गोष्ठी में नगर मजिस्ट्रेट अनूप सिंह, कुमार रमाशंकर तिवारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं बलविन्दर सिंह प्रदेश मन्त्री उप्र उद्योग मण्डल, विनोद कुमार बंसल दाल मण्डी महा सचिव, महेश चौहान जिला अध्यक्ष व्यापार मण्डल, प्रमोद त्यागी जिला महामन्त्री अखिल भारतीय व्यापार मण्डल पवन वर्मा सर्राफा अध्यक्ष सहित अन्य सम्मानित व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

डीएम टेलर प्रतिष्ठान पर निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ। –फोटो बुलेटिन

गुरु तेग बहादुर मार्केट के व्यापारियों को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ।

ट्विंकल सरदार जी को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ। –फोटो बुलेटिन

नई मंडी में विजय चेंबर के पूर्व चेयरमैन मनोहर लाल कालरा व सुभाष चंद गुप्ता को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ। –फोटो बुलेटिन

मोलाहेड़ी मार्केट के व्यापारियों को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ।

नई मंडी में अर्चना साड़ी के मालिक हर्षवर्धन जैन और राहुल जैन को निमंत्रण देते संपादक अंकुर दुआ। –फोटो बुलेटिन

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

प्रधानमन्त्री की गुजरात यात्रा

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी दो दिन की गुजरात यात्रा में कल गुजरात के गांधीनगर में वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उसके बाद ट्रेन में सफ़र किया और ट्रेन के लोको पायलट से ट्रेन की विशेषताओं की जानकारी भी ली। इससे पहले देश के 36वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन भी किया। वन्दे भारत ट्रेन की सवारी करने के बाद मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में भारत के सभी शहरों को नई गति मिलने वाली है। गुजरात में जब मैं मुख्यमन्त्री था, तो हमने मल्टी ट्रांसपोर्टेशन को लेकर एक बड़ी समिट की थी, लेकिन केन्द्र में दूसरी सरकार थी, तब मैं अपने सपने को पूरा कर नहीं कर सका। फिर जब आपने मुझे दिल्ली भेजा तो मैंने उस सपने को पूरा कर दिया। पीएम ने आगे कहा कि बीते 8 वर्षों में सबसे अधिक निवेश रेलवे में किया जा रहा है। इन वर्षों में देश के दो दर्जन से ज़्यादा शहरों में मेट्रो का काम या तो पूरा हो चुका है या चल रहा है। रेलवे पर हमारा फोकस इसीलिए है कि फास्ट ट्रांसपोर्टेशन भारत के भविष्य के विकास को सुनिश्चित करने वाला है। यही देश के भाग्य को गढ़ने वाला है। वन्दे भारत ट्रेन को संचालित करने वाले लोको पायलट ने इसपर अपनी ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि, ये उनके जीवन का सबसे यादगार पल था। वन्दे भारत ट्रेन को 'मेक इन इंडिया' के तहत बनाया गया है। इस ट्रेन के सभी पार्ट्स स्वदेशी हैं, जो कि भारत में ही बनाए जा रहे हैं। इस ट्रेन को लेकर लोगों के ट्वीट भी सामने आ रहे हैं। एक ट्विटर यूजर ने लिखा इस ट्रेन का बहुत महंगा टिकट है, इसका ग़रीब को कोई फ़ायदा नही होने वाला इसका यह कमाल सरकार है ग़रीब के लिए कोई योजना ही नहीं है, इसके पास' वहीं एक और यूजर लिखता है, 'योजना है न इस सरकार के पास, योजना ये है की ग़रीबी खत्म करने के लिए ग़रीब ही को ख़त्म कर दो जो ये सरकार कर रही है'। वहीं इस ट्रेन के उद्घाटन की तस्वीरों को पीएमओ ने जैसे ही शेयर किया उन पर अच्छे कमेंट भी आने शुरू हो गए। एक ट्विटर यूजर लिखता है, '27 सालों से गुजरात के लिए मोदी जी का महान प्रयास। गुजरात में मोदी जी के श्रेष्ठ मार्गदर्शन में बेहतर हो रहा है। इसलिए वे 27 साल से गुजरात में मजबूती से खड़े हैं'। इससे पहले प्रधानमन्त्री ने नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में देश के 36वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया, इन खेलों में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 15 हज़ार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। नेशनल गेम्स में शामिल हो रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा, मैं गुजरात के लोगों की सराहना करता हूँ कि बहुत कम समय में उन्होंने इस भव्य समारोह के आयोजन की व्यवस्था कर ली। यह कोशिश गुजरात के लोगों के सामर्थ्य को दर्शाती है। अगर आपको कहीं कोई कमी महसूस हुई हो तो मैं गुजराती होने के नाते आप सभी से एडवांस में क्षमा मांग लेता हूँ। यहां जो पहले नेशनल स्पोर्ट्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, उसकी भी हर जगह खूब चर्चा हुई। उसके लिए मैं मुख्यमन्त्री भूपेंद्र पटेल और उनकी टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा करता हूँ। कुछ दिन पहले नेशनल ऑफिशियल मस्कॉर्ट गिर के शेरों को प्रदर्शित करने वाला भारत के लोगों को निडरता और जूनून को दर्शाता है। आज आप जिस स्टेडियम में मौजूद हैं। उसकी विशालता एक अलग ही प्रेरणा का कारण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम तो है ही। सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कई मायनों में सबसे अनूठा है, क्योंकि यहां कई तरह के अनकों खेलों की सुविधा एक साथ उपलब्ध है। इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैंडर्ड का होता है, तो खिलाड़ियों का मनोबल भी एक नई ऊंचाई पर पहुंच जाता है। मुझे विश्वास है कि यहां खिलाड़ी नए अहसास को एन्जॉय करेंगे। उन्होंने कहा नवरात्र की शुरुआत हो चुकी है और गुजरात में नवरात्र के दौरान गरबा की एक अलग ही पहचान है। जो खिलाड़ी दूसरे राज्य से आए हैं, मैं उनसे गुजारिश करता हूँ कि खेलों के अलावा आप गुजरात के नवरात्र का भी आनंद लीजिए। गुजराती लोग आपके स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। कल मैंने देखा कि नीरज चौपड़ा गरबा खेल रहे थे। उत्सव की यही खुशी हम सभी को एक-दूसरे से जोड़ती है। स्पोर्ट्स युवा के जीवन निर्माण का प्रमुख स्रोत होता है। दुनिया में आज जो भी देश विकास के मामले में टॉप पर हैं। उन्हीं देशों के ज्यादातर खिलाड़ी मैडल जीतने में भी टॉप पर होते हैं। खेल अपने देश की पहचान और उसकी छवि को कई गुणा ज़्यादा बेहतर बना देती है। 8 साल पहले भारत के खिलाड़ी 20-25 खेलों को खेलने ही जाते थे। अब भारत के खिलाड़ी करीब 40 अलग-अलग खेलों में हिस्सा लेने जाते हैं। ये नेशनल गेम्स गुजरात के लिहाज से काफी अहम हैं, क्योंकि पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन गुजरात में किया जा रहा है। ये खेल अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, राजकोट, भावनगर और वडोदरा में आयोजित होंगे। इन खेलों में 36 खेल स्पर्धाओं का आयोजन होगा। साइक्लिंग के इवेंट दिल्ली के आईजी वेलोड्रम में आयोजित होने हैं। इस बार नेशनल गेम्स में 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों और सेवाओं के करीब 7,000 एथलीट 36 खेल विधाओं में भाग लेंगे। गेम्स में देशभर के करीब 7,000 एथलीट भाग लेंगे। ये खेल गोवा में होने थे और लगातार लटकते आ रहे थे, लेकिन गुजरात सरकार ने सिर्फ तीन माह के अंदर इन खेलों के आयोजन की हामी भर ली, जिसे अब मूर्तरूप दिया जा रहा है। ये खेल अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, राजकोट, भावनगर और वडोदरा में आयोजित होंगे। कोरोना काल से पहले आखिरी बार राष्ट्रीय खेल 2015 में केरल में आयोजित हुए थे। समारोह के दौरान एक लाख से भी अधिक लोगों के स्टेडियम में जुटने की उम्मीद है। स्टेडियम की क्षमता एक लाख से भी अधिक है। खेलों का मस्कट सावज (शेर) है। अंतिम बार राष्ट्रीय खेल 2015 में केरल में आयोजित हुए थे। समारोह के दौरान केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहेंगे। सात साल बाद आयोजित हो रहे ये खेल 12 अक्तूबर तक गुजरात के छह शहरों में आयोजित किए जाएंगे।

चार तीर -सुनील 'उत्सव'

'नेता' 'ख़ता' 'हितैषी' 'जहालत'
ऐसे नेता हैं जिन्हें दिखती नहीं अपनी ख़ता,
जन हितैषी कोई नीति भी तो अपनायी नहीं।
बात में भी है जहालत हरकतें बेकार हैं,
हार कर भी अक़्ल उनको आज तक आयी नहीं।

भूमि का मुआवजा दिलाने को डीएम से मिले दर्जनों किसान

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम न्याजुपुरा के दर्जनों किसानों ने शुक्रवार को भाजपा नेता अखिलेश शर्मा के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पहुंच प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में इन किसानों ने अधिग्रहित की गई भूमि का अब तक मुआवजा न मिलने की इस बीच शिकायत की। डीएम कार्यालय पहुंचे गांव न्याजुपुरा के दर्जनों किसानों ने डीएम चन्द्रभूषण सिंह से भाजपा नेता अखिलेश शर्मा के नेतृत्व में मुलाकात की। डीएम से मिले लोगों ने बताया कि गांव के 50 से अधिक किसानों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा तय किया गया था, लेकिन अब तक उक्त मुआवजा नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने डीएम से न्याय की गुहार लगाते हुए उक्त तमाम प्रभावित ग्रामीणों का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने इन किसानों की समस्या को सुनने के साथ अधिकारियों को संबंधित किसानों का भुगतान किए जाने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने तीन दिन में मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से बिजेन्द्र सैनी, राजपाल सैनी, राजू सैनी, कल्लू सैनी, राहुल सैनी, रविन्द्र सैनी, तिलक सैनी आदि मौजूद रहे।

मोदी सरकार ने 2025 तक टीबी मुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाए कदमः कपिल देव

मुजफ्फरनगर, ३० सितम्बर (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जन्म जयंती तक निमित्त सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को टीबी मुक्त राष्ट्र अभियान में गांधीनगर भाजपा कार्यालय पर निःशय मित्र कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बीच भारत माता के चित्र के समक्ष उपस्थित हो कर दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला व संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ. संदीप शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल, उमेश मलिक, अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता ने रोगियों को इस दौरान भोजन

व पोषण किट वितरित की गई। मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने 2025 तक भारत को टीबीमुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में संकल्पबद्ध होकर महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। निःशय मित्र कार्यक्रम के माध्यम से टीबी को पूरे देश से समाप्त करने का संकल्प लिया गया है। इस बीमारी से ग्रसित लोगों की टीबी अस्पताल से जानकारी प्राप्त करके हम सभी उन व्यक्तियों को 1 वर्ष के लिए गोद लेकर उनके भोजन व पोषण का ध्यान रखेंगे। चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सभी अतिथियों ने सराहना की और चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा डॉ. पंकज सिंह, डॉ. अजय पंवार आईएमए अध्यक्ष, डॉ. हेमन्त कुमार व डॉ. अभिषेक को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिजेन्द्र पाल, अमित चौधरी, रेणु गर्ग, बोबिन्द्र सहरावत, अचिंत मित्तल, राज कुमार सिद्धार्थ, प्रवीण कुमार, सचिन करानिया, तरूण पाल, प्रमोद कश्यप, रक्षित नामदेव, डॉ. जीत सिंह तोमर, डॉ. शेखर सैनी, डॉ. बिजेन्द्र, डॉ. अंकित, डॉ. सतीश सैनी, डॉ. मुकेश गौड, डॉ. विमल शर्मा, डॉ. शेखर पुंडीर, हेमन्त, संजीव कुमार, विपिन कुमार, हेमन्त यादव, अभिषेक गर्ग, रविकांत शर्मा, विपुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

पटेलनगर रामलीला में भगवान श्रीराम को हुआ वनवास

मुजफ्फरनगर, ३० सितम्बर (बुस.)। शहर की सभी रामलीलाओं में लगातार प्रसिद्धि प्राप्त कर रही श्रीआदर्श रामलीला भवन सेवा समिति की ओर से आयोजित की जा रही श्रीरामलीला में आज प्रभु श्रीराम के वनवास जाने का मंचन किया गया। इससे पूर्व प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी समेत अनेक गणमान्य नगारिकों ने प्रभु श्रीराम के साथ ही माता सीता और लक्ष्मण जी की आरती उतारी। इस अवसर वनवास जाते समय जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लगते रहे तथा श्रद्धालुओं ने उन पर फूलों की जमकर बरसात की। ज्ञातव्य है कि श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर की ओर से आयोजित की जा रही श्रीरामलीला इन दिनों लगातार प्रसिद्धि प्राप्त कर रही है। कोरोना काल में जब प्रदेश में कहीं भी रामलीला का मंचन नहीं हो रहा था, तब भी यहां श्री आदर्श रामलीला सेवा समिति की ओर से श्री रामलीला का मंचन कराया गया, जो अपने आप में एक मिसाल बन गई है। यहां पर रामलीला का मंचन देखने के लिये आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। आज रामलीला मंचन के क्रम में प्रभु श्रीराम के वनवास का मंचन सभी के दिल को छू गया। वनवास जाने से पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी, अनिल ऐरन, सुरेन्द्र मंगल, प्रमोद गुप्ता और गोपाल चौधरी ने प्रभु श्रीराम के साथ ही माता सीता, लक्ष्मण जी की आरती उतारी, जिसके बाद प्रभु श्रीराम, सीता जी और लक्ष्मण जी के साथ वन की ओर प्रस्थान कर गये। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई और अनेक श्रद्धालु अपने आंसुओं की श्रृंखला को नहीं रोक पाये। वन की ओर प्रस्थान करने के दौरान भगवान श्रीराम ने सीता जी और लक्ष्मण जी के साथ पटेलनगर, मुनीम कालोनी, नई बस्ती होते हुए ठाकुर द्वारा मंदिर में विश्राम किया। इस दौरान जिन मार्गो से भी प्रभु श्रीराम, सीता जी और लक्ष्मण जी गुजरे, उन मार्गो पर भक्तों ने उन पर पुष्पों की वर्षा की और प्रभु श्रीराम की जय-जयकार के गगनभेदी नारे लगाये। बाद में प्रभु राम अपनी पत्नी सीता जी और भ्राता लक्ष्मण जी के साथ शुक्रताल स्थित भोपा वन क्षेत्र में वनवास के लिये प्रस्थान कर गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरीके अलावा रामलीला कमेटी से प्रबंधक अनिल ऐरन, रामलीला कार्यक्रम संयोजक विकल्प जैन, गोपाल चौधरी, प्रमोद गुप्ता, सुरेंद्र मंगल, जितेंद्र कुच्छल, अमित भारद्वाज, नारायण ऐरन, अंशुल गुप्ता, जतिन सिंघल, मनीष गुप्ता, आकाश सिंघल आदि मौजूद रहे।

भगवान राम का बनवास एवं केवट द्वारा गंगा पार करने का मंचन

मुजफ्फरनगर, ३० सितम्बर (बुस.)। गांधी कॉलोनी रामलीला में मुख्य अतिथि रविंद्र सहानी, राजेंद्र साहनी उनका परिवार, युवा पंजाबी संगठन से रितेश नागपाल, राजेन्द्र कुमार, विजय वर्मा, अजय ग्रोवर, संजय कपूर, संजय वधावन, रजत अरोरा, प्रशांत मक्कड़, विमल मदान, नवनीत लव के सभी पदाधिकारी गण, हरीश धमीजा, भारत धमीजा, मुकेश ६ ामीजा उनका परिवार, ओम प्रकाश बजाज, अज्जू मदान, बाल बहादुर आदि लोगों द्वारा आरती कर रामलीला की शुरुआत की गई, जहां लगभग ७०० लोगों के बीच बहुत ही शानदार रामलीला का प्रदर्शन वहां के कलाकारों ने किया, जिसमें मुख्य रुप से राम का वनवास एवं भगवान राम को गंगा पार करने के लिए केवट की आवश्यकता थी। बहुत ही सुंदर तरीके से इस पूरे दृश्य को दर्शाया गया और लोगों ने

तालियां बजाकर इन दृश्य का आनंद लिया। अंत में सभी लोगों को हलवे का प्रसाद वितरित कर रामलीला का समापन किया गया। रामलीला में मुख्य रूप से अनिल ६ ामीजा, विजय वर्मा, पवन छाबड़ा, घनश्याम, अनिल इशपूजानी, सुरेंद्र इश पूजानी, राकेश गुड़िया, हरिकिशन सुनेजा, विनोद छाबड़ा आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

नई मंडी में भगवान श्रीराम की बारात का हुआ भव्य शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, ३० सितम्बर (बु.)। नई मंडी श्री राम लीला भवन में हो रही रामलीला के तहत छठें दिन भगवान श्रीराम की बारात का बतौर मुख्य अतिथि उद्योगपति अंकित बिंदल द्वारा नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान भगवान श्रीराम अपने तीनों भाइयों के साथ सुसज्जित स्वर्ण रथ पर सवार होकर मंडी के मुख्य मार्गो से निकले। श्रीराम की बारात में भगवान शिव, ब्रह्मा जी, विष्णु जी, राधा कृष्ण के साथ राजा दशरथ और मंत्री सुमंत सभी अपने रथों पर सवार होकर बारात की शोभा बढ़ा रहे थे। भगवान श्रीराम की बारात में 6 बैंड व ढोल-ताशों सहित सभी ने मिलकर धार्मिक भजन गाकर सराबोर कर दिया। तमाम मार्गों पर श्रद्धालुओं ने भगवान राम के रथ को रुकवा कर उनकी आरती करते हुए भोग लगाया। नई मंडी में जिस समय यात्रा निकल रही थी, वह नजारा देखने लायक था और बारात में चल रहे श्रद्धालु श्रीराम की भक्ति में खुशियां मनाते व नाचते हुए चल रहे थे। श्रीराम की बारात की व्यवस्था में कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग, कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया, बृज गोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, संजय जिंदल, अभिषेक कुच्छल, विवेक गर्ग, डॉ. प्रदीप जैन, कुलदीप शर्मा, मनोज, उपेंद्र मित्तल, रवि गोयल अतुल जैन आदि मौजूद रहे।

कस्बे के १४ डॉक्टर मुजफ्फरनगर हुए तलब

बुढ़ाना, ३० सितम्बर (बु.)। कस्बे के एक दर्जन से भी अधिक डॉक्टरों को ०१ अक्टूबर को शनिवार के दिन सायं साढ़े तीन बजे जिला प्रशासन द्वारा विगत दिवस गठित की गई जांच कमेटी के सम्मुख अपने अभिलेखों के साथ जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में तलब किया गया है। इन सभी पर झोलाछाप डॉक्टर का आरोप लगा है। तलब होने की सूचना से इन सभी डॉक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे में विगत दिनों नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोनू कश्यप व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी डॉक्टर अन्नू चौधरी ने कस्बे व क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों के यहां पर छापामार कार्रवाई की थी। आरोप है कि किसी डॉक्टर पर रजिस्ट्रेशन नहीं था, तो किसी पर डिग्री नहीं थी, तो कुछ डॉक्टर बिना किसी चिकित्सा शैक्षिक प्रमाण के क्लीनिकों को संचालित कर रहे थे, तो किसी के कागज पूरे नहीं थे। अब इन सभी १४ डॉक्टरों को ०१ अक्टूबर को सायं साढ़े तीन बजे तलब किया गया है। कस्बे के जिन चिकित्सकों को तलब किया गया है। उनमें वाशु डेंटल के संचालक डॉक्टर अरुण बालियान, चंधेड़ी रोड पर स्थित अपोलो पैथालॉजी लैब, मलिक पैथालॉजी लैब के संचालक डॉक्टर चौधरी, मंदवाडा रोड पर स्थित अफिया क्लीनिक के संचालक डॉक्टर अब्दुल्ला, राज हैल्थ केयर कोतवाली के पीछे, पैथ काइंड लैब बुढ़ाना, शिफा क्लीनिक के संचालक डॉक्टर शेबी और डॉक्टर फिरोज समेत कई अन्य डॉक्टर हैं। इन सब डॉक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है। अगले हफ्ते अन्य डॉक्टर के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की बात सामने आई है।

जिला आचार्यकुल ने विद्यालय में वाटर कूलर लगाया

मुजफ्फरनगर, ३० सितम्बर (बुस.)। स्थानीय श्रीराम लीला टीला रोड चुंगी नम्बर २ पर स्थित उच्च प्राथमिक पटेल कन्या विद्यालय परिसर में जिला आचार्यकुल द्वारा लगाये गये आम क्वालिटी के वाटर कूलर का लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। प्रमुख गांधी विचारक होतीलाल शर्मा प्रान्तीय अध्यक्ष आचार्यकुल के नेतृत्व में सम्पन्न इस वाटर कूलर लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या शबीना बेगम ने की तथा सेवानिवृत्त सुपरिटेंडेंट इंजी. पी.के. शर्मा इस समारोह के मुख्य अतिथि रहे। ज्ञातव्य हो कि नगर के विद्यालयों, जिला हॉस्पिटलों तथा अनाथालयों सहित जिला आचार्यकुल द्वारा लगाया गया यह १०वां वाटर कूलर है, जिनसे कि जनता जनार्दन तथा बच्चों को शुद्ध पानी पीने को उपलब्ध हो सके। इस कार्यक्रम की विद्यालय परिवार ने सराहना की तथा होतीलाल शर्मा ने सहयोग के लिए लोगों का धन्यवाद किया। आचार्यकुल के जिलाध्यक्ष चौ. राजवीर सिंह, नीरज गौतम, उपाध्यक्ष पं. शिव कुमार धीमान, सुष्या सिंह, बबीता शर्मा, अम्बरीश वाहिन, शशी गोयल, रेणुका जैमिनी, रामकुमार भारद्वाज, अशोक वर्मा, राष्ट्रीय पुरस्कृत मा. सीताराम, ठा. महेन्द्र सिंह, मीरा अग्रवाल, विनोद चौहान, ब्रह्मम प्रकाश त्यागी, अल्का सैनी एड., शैली गोयल, आयषा सुल्ताना, अमर पाल, अम्बिका, शालू, ज्ञानी गुरूवचन सिंह, नीरज गौतम सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभी आगंतुकों का जिला आचार्यकुल ने स्वागत किया।

आवश्यकता है

एक हेयर ड्रेसर की (पुरूष या महिला) जिसे हेयर स्टाइल, हेयर डिजाइन और कैमिकल वर्क आता हो

प्राथमिकता : महिला

Supreme Sparkler Makeover
Add. : 313, South Bhopa Road, Near Biggies Pizza, New Mandi, Muzaffarnagar
M. 9997854442, 7060440083

कश्यप समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

-पुलिस कार्रवाई का विरोध, मूर्ति लगाने की उठाई मांग

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र में काली नदी पुल के पास कश्यप समाज के लोगों द्वारा महर्षि कश्यप की प्रतिमा लगाने को लेकर शुरू विवाद के बीच दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम कश्यप समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि महर्षि कश्यप की क्षेत्र में मूर्ति लगाने से समाज को रोका गया और कोई उचित स्थान नहीं दिया तो इस बार कश्यप समाज आने वाले चुनाव का बहिष्कार किया। कश्यप समाज के लोगों द्वारा लंबे समय से महर्षि कश्यप की मूर्ति लगाने की अनुमति प्रशासन से मांग रखी थी, उक्त मामले में समाज के लोगों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा ली गई अनुमति के बावजूद गुरूवार को कश्यप समाज के लोगों द्वारा जब नगर के पश्चिमी छोर पर काली नदी पर महर्षि कश्यप की मूर्ति की स्थापना करने के दौरान ही कुछ लोगों ने मूर्ति स्थल पर पहुंचे और उन्होंने महर्षि कश्यप जी की मूर्ति लगाने का विरोध करते हुए दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हो गया था। हंगामा होने की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने समाज के लोगों द्वारा मूर्ति लगाए जाने के उक्त कार्य को रूकवा दिया। साथ ही इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों को एसडीएम के समक्ष अपना पक्ष रखने को कहा था। शुक्रवार को इसी प्रकरण को लेकर बीते दिवस हुई कार्रवाई का विरोध जताते हुए धरना दिया।

टावर की साइड से लाखों रुपए का सामान चोरी मचा हड़कंप

कांधला, ३० सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में अज्ञात चोरों द्वारा ग्रामीण की भूमि पर लगे टावर से लाखों रुपए की कीमत का सामान चोरी कर लिया है।गांव गंगेरू निवासी रघुवीर ग्रामीण के प्लॉट में जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पनी का टॉवर लगा हुआ है। इस टावर का आधिकारिक नाम गंगेरू है। आरोप है कि टावर के सुपरवाइजर मुर्सलीन जब टावर पर निरीक्षण के लिए पहुंचा, तो सम्पूर्ण टावर, शेल्टर बाउंड्रीवाल तथा अन्य टावर का समस्त सामान मौके पर नहीं मिला, जिसे देखकर टावर कंपनी के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारी के मुताबिक उसने इसकी सूचना अपनी कंपनी व पुलिस अधिकारियों को मामले की सूचना दी। कर्मचारी के मुताबिक अज्ञात चोरों ने टावर से 8 लाख 60 हजार 109 रुपये की कीमत का सामान चोरी किया है। घटना के संबंध में कर्मचारी द्वारा पुलिस को मामले की तहरीर देकर घटना के संबंध में रिपोर्ट भी हो दर्ज कराने की मांग की गई थी, जिसके चलते पुलिस ने मामले को दर्ज कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई में जुट गई है।

Dr. Madhu Singhal Memorial Cancer Center
Meerut Road, Opp. Company Bagh, Muzaffarnagar-251002

सूचना

कैंसर के मरीजों के लिए क्लीनिक पर दिनांक 02.10.2022 को निःशुल्क आयोजन किया जायेगा, जिसका संचालन डॉ. मनोज गुप्ता (प्रो. एवं एच.ओ.डी. रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, एम्स ऋषिकेश) करेंगे। उपचार और सलाह लेने के लिए यह एक शानदार अवसर है-

दिनांक : रविवार, 02/अक्टूबर/2022
समय : 10:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे दोपहर तक
स्थान : सिंघल नर्सिंग होम, मेरठ रोड, कम्पनी गार्डन के सामने, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश)

कृपया 0131-2433104, +91-9837082912 पर सम्पर्क करें और सुविधा का पूरा लाभ उठाने के लिए अपने सभी रिकार्ड अपने साथ लायें। आपके सभी प्रश्नों का उत्तर दिया जायेगा।

शरद पूर्णिमा पर होगा दमा की दवाई का निःशुल्क वितरण

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। शरद पूर्णिमा के अवसर पर अमर क्लब की ओर से दमा अस्थमा के रोगियों के लिए फ्री दवा का वितरण करेंगा। अमर क्लब के अध्यक्ष अम्बरीश गर्ग, उपाध्यक्ष श्रवण शर्मा, सचिव प्रवीण गर्ग, कोषाध्यक्ष मुकेश सैनी व प्रेम प्रकाश अरोरा ने बताया कि कि शनिवार 9 अक्टूबर को गुदडी बाजार में शरद पूर्णिमा पर दोपहर 2.30 बजे से सायं 6 बजे तक दमा की दवा का वितरण खादी आश्रम बल्लू खादी वाले के यहां पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष शरद पूर्णिमा पर दवायुक्त खीर का निःशुल्क वितरण दवा रोगियों को किया जाता है। उन्होंने बताया कि दमे की दवाई खीर में मिलकार रात्रि को 12 बजे खाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस दवाई के प्रयोग से प्रति वर्ष सैंकड़ों लोग इसका लाभ उठाते हैं।

लैंगिक संवेदनशीलता शीर्षक पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

भोपा, ३० सितम्बर (बु.)। शुक्रवार को सेंट जेवियर ग्लोबल स्कूल में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत लैंगिक संवेदनशीलता शीर्षक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के द्वारा आयोजित कराई गई, जिसमें रिसोर्स पर्सन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के द्वारा नियुक्त की गई, जो रेनू शर्मा द्वारा संचालित किया गया। मुजफ्फरनगर जिले के सभी विद्यालयों से कुल ४२ प्रतिभागियों ने इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत एक-एक पौधा उपहार के रूप में देकर किया। कार्यक्रम का आरंभ प्रातःकाल से साईं तक रहा और समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। ट्रेनिंग का लाभ सभी प्रतिभागियों ने पूर्ण रूप से उठाया तथा कार्यक्रम का समापन रंगारंग प्रोग्राम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से उप प्रधानाचार्य अक्षरा चौधरी, विपुल शेरावत, नीलम गर्ग, रोहित कुमार, सानिया अरोड़ा, शालू शर्मा, मनीष शर्मा, सीमा, रीना सालार, शिवानी तोमर, आयुषी राठी, प्राची त्यागी, विवेक, गौरव भारद्वाज, योगेश, अजय शर्मा नीलम, शिल्पी, शिवानी, साक्षी तोमर, आरजू राठी, आरती, हिमांशु, संगीता शर्मा, रूबी चौधरी, पंकज, सरिता धारीवाल, अमित कुमार, अरविंद कुमार, चारू शर्मा, पूजा पालीवाल, सचिन चौधरी, निखिल आदि उपस्थित रहे।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मृतक लड़के की पत्नी रूखसाना व उसका बच्चा समीर मेरे कहने-सुनने में नहीं है और मेरी जमीन पर कब्जा करके मुझे जान से मारना चाहते हैं, इसलिए मैं उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से हमेशा के लिए बेदखल करता हूँ, इनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन का भविष्य में मैं जिम्मेदार नहीं होऊँगा।

अता मौहम्मद
पुत्र तुफैल
निवासी :- ग्राम शेरपुर, थाना कोतवाली, जिला मुजफ्फरनगर,
हाल निवासी :- मिमलाना रोड, लाला लक्ष्मीचंद फार्म, सम्राट इंटर कॉलेज के सामने, थाना कोतवाली नगर, जिला मुजफ्फरनगर

फुलबॉडी हैल्थ चैकअप

दिनांक - 02-अक्टूबर-2022, दिन रविवार
समय - प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
चैकअप शुल्क मात्र - 100 रुपये

मरीज के बिना बताए व बिना खून निकाले पूरे शरीर की जांच आधुनिक मशीनों द्वारा निःशुल्क की जायेगी। आज ही अपना नम्बर बुक करायें।
मो. न. - 7417806598

नैचुरल हैल्थ केयर सैन्टर
पता : 103, घेर काले राय, भगत सिंह रोड, निकट हनुमान चौक, मुजफ्फरनगर

नोट : हमारे यहां पर नसों का दर्द, जोड़ों का दर्द, सर्वाइकल, साइटिका, माइग्रेन, डिप्रेशन, हार्ट प्रॉब्लम, मानसिक रोग आदि का ईलाज बिना अंग्रेजी दवाई के जापानी पद्धति पर आधारित मशीनों के द्वारा किया जाता है।

शाहपुर में चल रहे रामलीला महोत्सव में दसवे दिन सूर्पणखा की नाक कटी

शाहपुर, ३० सितम्बर (बु.)। नगर में चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव में दसवें दिन विश्व प्रसिद्ध कला मंडली द्वारा चित्रकूट से लेकर भगवान राम के पंचवटी तक आगमन की लीला का बेहतरीन मंचन किया गया। इस ऐतिहासिक मंचन को देखने नगर एवं देहात से अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। रात्रि की लीला का मुख्य आकर्षण लक्ष्मण जी द्वारा रावण की बहन सूपर्णखा के नाक कान काटने का मंचन रहा। इस दौरान शूर्पणखा का भगवान राम एवं लक्ष्मण से संवाद प्रभावशाली रहा। शाहपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड के तत्वावधान में भव्य श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार श्री रामलीला के मंचन हेतु पवित्र चित्रकूट धाम की विश्व प्रसिद्ध पंडित जमुना प्रसाद शुक्ल की कलाकार मंडली आई हुई है उनके कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक वेशभूषा झांकियों एवं संवाद शैली के साथ-साथ कलाकारों को भी इस प्रकार अभिनय में ढाला गया है कि वह रामायण के वास्तविक पात्र महसूस हो रहे हैं। चित्रकूट धाम की कला मंडली में आज भगवान राम का अभिनय (सूर्य प्रकाश) लक्ष्मण जी का अभिनय (रंजीत बुंदेला) माता जानकी का अभिनय(सुनील)ने शानदार ढंग से मंचित किया, जबकि ठाकुर पुराण सिंह नगाड़े पर इंद्रपाल सिंह बुंदेला एवं ढोलक पर नाथूराम ने शानदार प्रस्तुति दी। रविवार रात्रि की लीला नंदीग्राम में चरण पादुका सहित भरत जी के विश्राम से प्रारंभ हुई। इसके पश्चात चित्रकूट में जयंत कथा का विस्तारपूर्वक मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। इंदल का पुत्र जयंता भगवान राम को माता सीता का श्रृगार करते देख कौवे का भेष बनाकर सीता जी के चरणों में चोच मार देता है, जिससे क्रोधित होकर भगवान राम उसे बांण मार देते हैं, जिससे वह पूरे शरीर में अग्नि प्रज्वलित होने पर कर्राह उठता है। तीनों लोकों में भगवान ब्रह्मा जी विष्णु जी एवं शंकर जी के पास जाता है और पूरा वर्तान्त सुनाता है, लेकिन उसकी कोई सहायता नहीं करता। अंत में नारद जी जयंता को कहते हैं कि भगवान राम की शरण में जाकर ही उसका उद्धार संभव है। भगवान राम जयंता को क्षमा तो कर देते हैं, लेकिन उसकी एक आंख फोड़ देते हैं, आज भी जीवन पर्यंत कौवा एक आंख से ही देख पाता है। ११ वर्ष ११ महीने ११ दिन चित्रकूट में अपने वनवास के व्यतीत करने के उपरांत भगवान राम आगे की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। मंदाकिनी नदी के तट पर महामुनी अत्री एवं उनकी पत्नी माता अनसूईया से राम लक्ष्मण जानकी की भेंट होती है। माता अनुसुइया सीता को स्त्री धर्म की शिक्षा देती हैं और उन्हें दिव्य वस्त्र भी भेंट करती हैं। वहीं अत्रि मुनि भगवान राम को दिव्यास्त्र भेट करते हैं। आगे चलकर भगवान ऋषि कुंभ के आश्रम में पहुंचते हैं। जहां बहुत दिनों से भक्त सुतीक्षण प्रभु श्रीराम का इंतजार लंबे अरसे से कर रहे होते हैं। इस वन में हजारों अतिथियों का ढ़ेर देखकर भगवान राम ऋषि से पूछते हैं तो वह बताते हैं कि यह सब ऋषि मुनियों की अस्थियां है। राक्षसों के आतंक से सब ही संत समाज को भारी जन हानि होती है। असंख्य ऋषि-मुनियों के अवशेष देख भगवान राम प्रतिज्ञा लेते हैं कि वह पृथ्वी को निशाचरों से विहीन कर देंगे। इसके बाद भगवान राम पंचवटी नामक स्थान पर जहां राक्षसों का वर्चस्व हैं, वहीं अपनी कुटी का निर्माण करते हैं। बताते चलें कि भगवान राम १२ वर्षों तक चित्रकूट में रहे, लेकिन अपनी कुटी नहीं बनाई, किंतु राक्षसों का संहार करने हेतु वह लक्ष्मण जी को पंचवटी में कुटिया बनाने के लिए कहते हैं। यह स्थान महाराष्ट्र राज्य के नासिक जनपद में गोदावरी नदी के किनारे स्थित था। पंचवटी में रावण की बहन सूपर्णखा सुंदरी का वेश बनाकर पहुंचती हैं और भगवान राम से विवाह का प्रस्ताव रखती है। राम जी के इनकार करने के बाद वह लक्ष्मण जी के पास जाती है। इस दौरान सूर्पणखा द्वारा प्रस्तुत गीत 'मैं तुमसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' के साथ साथ 'हो रामजी बड़ा दुख दीना तेरे लखन ने' तथा 'मैं तो छोड़ आई लंका का राज लक्ष्मण तेरे लिए' की प्रस्तुति दर्शनीय रही। भगवान राम के कहने पर लक्ष्मण जी सूपर्णखा के नाक कान काट देते हैं। घायल अवस्था में वह लंका के लिए रवाना हो जाती है। यहीं पर रात्रि की लीला के मंचन को विश्राम दिया गया। पुलिस के साथ-साथ श्री आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों को भी व्यवस्था बनाने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

३ अक्टूबर के कार्यक्रम का अपने परिवारजन को निमंत्रण पत्र देते हुए व छोटों को आशीर्वाद देते सम्पादक अंकुर दुआ। -फोटो बुलेटिन

सेल्वा कुमारी जे बनी मेरठ की मण्डलायुक्त

लखनऊ, 30 सितंबर (वार्ता)। शासन ने शुक्रवार को पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। मेरठ और बरेली में नए मंडलायुक्त की तैनाती की गई है। इसके अनुसार आईएएस सेल्वा कुमारी जे मंडलायुक्त मेरठ, सारिका मोहन मंडलायुक्त बरेली, पूजा यादव सीडीओ रायबरेली, आनंद वर्धन ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में एसीईओ और प्रभाष कुमार सीडीओ रायबरेली अब नोएडा अथॉरिटी में एसीईओ की जिम्मेदारी संभालेंगे।

सलमान के डुप्लीकेट का जिम में कार्डिएक अरेस्ट से निधन

मुंबई, 30 सितंबर (वार्ता)। फिल्म इंडस्ट्री से एक और दुखद खबर आई है। सलमान खान के बॉडी डबल का रोल निभाने वाले सागर पांडे का 30 सितंबर को निधन हो गया। वह जिम में वर्कआउट कर रहे थे तभी उन्हें कार्डिएक अरेस्ट हो गया। फिल्म बॉडीगार्ड में वह सलमान के डुप्लीकेट के रोल में थे। सागर को सागर सलमान पांडे के नाम से भी जाना जाता था। बीते अगस्त में कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को भी जिम करते वक्त हार्ट अटैक पड़ा था। एम्स में इलाज के दौरान उन्हें दोबारा कार्डिएक अरेस्ट पड़ा और उनकी मौत हो गई। दीपेश भान, राजू श्रीवास्तव के बाद कलाकार सागर पांडे का भी अचानक निधन हो गया। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के डुप्लिकेट प्रशांत वाल्डे ने उनकी मौत की पुष्टि की। प्रशांत ने बताया, सागर जिम में वर्कआउट कर रहे थे तभी अचानक गिर पड़े। उन्हें तुरंत असप्ताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया।

बाइक चोरी

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र से अज्ञात बदमाश एक बाइक चोरी कर ले गए। इस सम्बंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में वाल्मीकि बस्ती, गांधीनगर निवासी आकाश पुत्र विनोद ने बताया कि उसका भाई अक्षय व चचेरा भाई शुभम उसकी बाइक उसके ऑफिस जानसठ रोड स्थित एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के सामने खड़ी करके चाबी उसे दे गए थे, जहां से अज्ञात बदमाश उसकी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

उपचार के दौरान मौत, पुलिस ने शव लिया कब्जे में

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए गए व्यक्ति की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शामली जनपद के कांधला थाना क्षेत्र के गांव भड़ेना निवासी 45 वर्षीय राजीव पुत्र राजपाल को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है।

एक युवक ने लगाई फांसी, एक ने खाया जहर

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। एक युवक ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगा ली। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, यहां से उसे रैफर कर दिया गया। इसके अलावा एक युवक ने संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंडेढ़ा निवासी 19 वर्षीय बाबू पुत्र अशोक ने अपने घर में संदिग्ध हालात में फांसी लगा ली। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में पचैंडा खुर्द निवासी 22 वर्षीय आकाश ने संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

जिलाबदर अपराधी दबोचा

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। अपराधिक गतिविधियों के चलते डीएम द्वारा जिलाबदर किए गए आरोपी को पुलिस ने क्षेत्र में घूमते हुए गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेघाखेड़ी निवासी कुणाल पुत्र रमाकांत को जिलाधिकारी ने अपराधिक गतिविधियों के चलते जिला बदर किया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह क्षेत्र में छुपकर रह रहा है। पुलिस ने एक सूचना के आधार पर उसे पचेंडा पुलिया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

श्रीकांत त्यागी के आवास पर बुलडोजर ने ढाया कहर

नोएडा, 30 सितंबर (वार्ता)। श्रीकांत त्यागी की महिला से अभद्रता व भद्दी-भद्दी गालियां देने के बाद चर्चा में आई नोएडा सेक्टर-93बी स्थित ग्रांड ओमेक्स सोसायटी में शुक्रवार को बुलडोजर ने कहर बरपाया। प्राधिकरण ने सोसायटी फ्लैटों के बाहर हुए अतिक्रमण को जमींदोज कर दिया। इस दौरान अधिकारियों और सोसायटी के निवासियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। प्राधिकरण के सर्वे में ग्रांड ओमेक्स सोसायटी में 100 से अधिक फ्लैटों के बाहर अतिक्रमण का पता चला है। शुक्रवार को सोसायटी में प्राधिकरण की ओर से बुलडोजर चलाकर कब्जे हटाए गए। सोसायटी में श्रीकांत त्यागी की पत्नी अनु के पौधे लगाने के बाद लोगों ने प्राधिकरण व पुलिस को शिकायत की थी। अनु पौधे लगाने पर अड़ी थी और लोग इसका विरोध कर रहे थे। आज प्राधिकरण का बुलडोजर श्रीकांत त्यागी के घर के आगे पहुंचा तो श्रीकांत त्यागी की पत्नी अनु त्यागी पेड़ आगे खड़ी हो गई है, जिसे अवैध रूप से लगाने का आरोप सोसायटी वासियों ने लगाया है। अतिक्रमण ढाए जाने के दौरान कुछ महिलाओं और लोगों ने जबरदस्त ढंग से विरोध जताया। टीम के साथ लोगों की झड़प भी हुई।

बाइक सवार बदमाशों ने छीना पर्स

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। शहर के गंगल वाली में देर शाम बाजार से रिक्शा में घर वापस लौट रही एक महिला का बाइक सवार दो बदमाशों ने पर्स छीना लिया और फरार हो गए। घटना की सूचना देने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। लोगों ने घटना पर रोष जताया है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र की गंगल वाली गली में रहने वाले शर्मा मेडिकल स्टोर के मालिक सुजीत शर्मा की पत्नी दीप्ती शर्मा व पड़ौसी संजीव शर्मा की पत्नी दीपा शर्मा बाजार गई थी। देर शाम वह रिक्शा में सवार होकर घर वापस आ रही थी। जैसे ही घर के पास पहुंची, तभी पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने दीपा शर्मा का पर्स छीन लिया और फरार हो गए। दोनों महिलाओं ने शोर मचाया लेकिन बदमाश फरार हो चुके थे। घटना के बाद दोनों महिलाओं के परिजन बाहर आए तो उन्हें घटना की जानकारी दी गई। यह जानकारी देने पर डायल 112 टीम ने पहुंच कर जानकारी ली। बाद में काफी देर बाद थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीडित पक्ष को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उधर, मोहल्लावासियों ने घटना पर रोष जताया है।

अभिभावकों का भी लिया आशीर्वाद : नगर के वरिष्ठ सर्जन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मुकेश जैन से आशीर्वाद प्राप्त करते बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ उन्हें 3 अक्टूबर के रंगीन स्वर्ण जयंती समारोह के लिए निमंत्रण देते हुए।

मजदूर की मौत से परिवार में छाया मातम

भोपा, ३० सितम्बर (बु.)। पशुओं के लिए चारे की गठरी ला रहे मजदूर का पैर फिसल गया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को मोरना पीएचसी पर लाया गया, जहाँ से उसे जिला चिकित्सालय रैफर किया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मजदूर की मौत से परिवार में मातम छा गया है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मौहल्ला कलालान निवासी २५ वर्षीय अमीर पुत्र अनीस शुक्रवार को पशुओं के लिये चारा लेने गया था। दोपहर के समय चारे की गठरी को मकान में रखने के लिये वह भैंसा बोगी से गठरी को उठा रहा था कि अचानक उसका पैर फिसल गया। अमीर अचानक दरवाजे की दहलीज पर गिर पड़ा। घायल अमीर को मोरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया, जहां से उसे सीएचसी भोपा ले जाया गया, गम्भीर हालत में अमीर को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अमीर अपने पीछे पत्नी अलीना व एक वर्षीय पुत्र मौ. अली को छोड़ गया है। अमीर की अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया है। राजेश चेयरमैन, कैप्टन ज्ञानेन्द्र, रविदत्त चेयरमैन, अजय चेयरमैन, डॉ. अलीशेर अंसारी, अश्वनी, ललित सहरावत, डॉ. वीरपाल सहरावत, ब्रजवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह, काजी मुमताज आदि ने मृतक के परिवार को सांत्वना दी है तथा मृतक के आश्रितों की आर्थिक सहायता की मांग प्रशासन से की है।

दो कारों की भिड़ंत में एक की मौत, एक गंभीर

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। छपार क्षेत्र में दो कारों के बीच हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार क्षेत्र में तेज रफ्तार से आ रही बलेनो कार ने सड़क किनारे खड़ी वरना कार में पीछे टक्कर मार दी। इस टक्कर में बलेनो सवार वरुण पुत्र अनिल निवासी लक्सर रोड हरिद्वार व वरना कार में सवार शुभम पुत्र सत्यभान गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से वरुण को हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। मेरठ ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है।

शाहपुर में चौधरी चरण सिंह चौक के सौंदर्यीकरण के ऊपरी भाग में निर्माण में उपले निकले

➲विधायक राजपाल बालियान की शिकायत पर जिला अधिकारी ने कराई जांच ➲शुक्रवार को निर्माण कार्य को तोड़ा गया तो भीतर से निकले उपले



शाहपुर, ३० सितम्बर (बु.)। कस्बे के मैन चौक पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की मूर्ति स्थापित है। नगर पंचायत द्वारा कस्बे के मेन चौक के सौंदर्यीकरण कराने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री की मूर्ति के पास ही दूसरी जगह मूर्ति स्थापित कराने के लिए एक स्थल बनाया गया। विधानसभा चुनाव के बाद क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान को पता चला कि नवनिर्मित मूर्ति स्थल के ऊपरी भाग में उपले भरे हुए हैं, जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक ने नवनिर्मित प्रतिमा स्थल में उपले भरे होने की शिकायत डीएम से की, जिसके बाद डीएम द्वारा नवनिर्मित प्रतिमा स्थल की जांच कराई गई, जिसमें रालोद विधायक की शिकायत सही पाई गई। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद नवनिर्मित प्रतिमा स्थल बनाने वाले ठेकेदार ने आनन-फानन में शुक्रवार को अपने मिस्त्री व मजदूर भेज कर नवनिर्मित प्रतिमा स्थल के ऊपरी हिस्से से भरे उपलों को निकलवाकर उसके मलबे को वहां से हटवा दिया। बताया जाता है कि राष्ट्रीय लोकदल विधानमंडल दल नेता विधायक राजपाल बालियान ने गत दिनों डीएम मुजफ्फरनगर को एक शिकायती पत्र दिया था, जिसमें शाहपुर में पुलिस चौकी के सामने नव निर्मित चौधरी चरण सिंह चौक के आधारभूत ढांचे के निर्माण में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पत्र का संज्ञान लेते हुए डीएम ने तुरंत जांच के आदेश दिए थे और अपर जिलाधिकारी को जांच सौंपी थे। आज जांच के लिए पहुंची टीम ने मौके पर जाकर जब निर्माण कार्य को देखा, तो उसके अंदर गोबर के उपले मिले, जिसे देखकर हर कोई हतप्रभ रह गया। उधर इस प्रकरण पर विधायक राजपाल बालियान ने कहा कि महापुरुषों के प्रति बड़े बड़े दावे करने वाले लोग उनके लिए निर्मित निर्माण कार्य में भी भारी भ्रष्टाचार करना उनकी असली मानसिकता दर्शाता है। विधायक बालियान ने प्रशासन की कार्यवाही की तारीफ करते हुए दोषी लोगों को दंडित किए जाने की उम्मीद जताई। उधर नगर पंचायत के ठेकेदारों का कहना है कि बगैर उपले लगाए भुर्जी नहीं बनाई जा सकती। इस कारण उपले लगाए गए थे। अक्सर ऐसे निर्माण कार्यों में इनका उपयोग किया जाता है। हालांकि बाद में इन्हें निकालने की प्रक्रिया की जाती है, जिसको मिस्त्री निकाल नहीं पाए। इसके अलावा उनकी ओर से कोई लापरवाही नहीं बरती गई। कुल मिलाकर यह मामला आज दिनभर सुर्खियों में रहा। सूत्रों के अनुसार एसडीएम बुढ़ाना की देखरेख में जांच की पूरी कार्रवाई संपन्न हुई है। इस पूरे प्रकरण को रालोद एवं भाजपा के बीच चौधरी चरण सिंह चौक को लेकर चले आ रहे विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है तथा आगामी नगर पंचायत चुनाव में उक्त मुद्दा हावी रह सकता है।

नासा के डार्ट मिशन के बाद अंतरिक्ष में हजारों किमी. में फैले एस्टेरॉयड के टुकड़े

वांशिगटन पृथ्वी की तरफ आने वाले उल्कापिंड से पृथ्वी की रक्षा करने के लिए नासा द्वारा एक क्षुद्रग्रह (एस्टेरॉयड) को सफलतापूर्वक टक्कर मारी जिसके बाद एस्टेरॉयड चूर-चूर हो गया। इस मिशन की तस्वीरों को जेम्स वेब और हबल स्पेस टेलीस्कोप से ली गई तस्वीरें गुरुवार को जारी की गई। पृथ्वी से जुड़ी दूरबीनों द्वारा ली गई छवियों में टक्कर के बाद डिमोर्फोस से बाहर निकलने वाले धूल के एक विशाल बादल को दिखाया गया है।

नाहिद हसन से जेल में मिलने जाएगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ, 30 सितंबर (वार्ता)। शामली जनपद के कैराना से समाजवादी पार्टी (सपा) से विधायक नाहिद हसन इन दिनों चित्रकूट जेल में बंद है। उनसे जेल में मिलने के लिए सपा का छह सदस्यीय दल तीन अक्टूबर को जाएगा। जेल में विधायक से बातचीत की रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपगा। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने दी। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने पत्र जारी करते हुए बताया कि कैराना से पार्टी के विधायक नाहिद हसन जेल में बंद है। उनसे जेल में हो रहे व्यवहार की जानकारी करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छह सदस्यीय एक दल को उनसे मिलने के लिए भेजा जा रहा है। इसमें बांदा के बबेरु से विधायक विशंभर सिंह यादव, जालौन के कालपी से विधायक विनोद चतुर्वेदी, चित्रकूट से विधायक अनिल कुमार प्रधान, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिव शंकर सिंह व निवर्तमान जिलाध्यक्ष चित्रकूट अनुज सिंह यादव शामिल हैं। यह प्रतिनिधि मंडल तीन अक्टूबर को चित्रकूट जेल में बंद विधायक नाहिद हसन से मिलकर उसकी रिपोर्ट तैयार करेगा और पार्टी अध्यक्ष को देगा।

अग्निवीर भर्ती के लिए जनपद पहुँचे युवा

राष्ट्रीय लोकदल का तीन अक्टूबर का प्रस्तावित किसान सम्मेलन स्थगित

शामली, ३० सितम्बर (बु.)। राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य जयंत चौधरी और मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक का तीन अक्तूबर को शामली में प्रस्तावित किसान सम्मेलन त्यौहारों को लेकर जिले में निषेधाज्ञा लागू होने के कारण स्थगित कर दिया गया है। रालोद नेताओं ने कहा कि वे किसानों और आम आदमी के हितों के मुद्दों पर संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ेंगे।

शुक्रवार को कैराना रोड स्थित वरिष्ठ रालोद नेता वाजिद अली के आवास पर रालोद की एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसको संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष हस्तिनापुर योगेन्द्र चेयरमैन ने कहा कि जानकारी मिली है कि जिला प्रशासन द्वारा त्यौहारों को लेकर जनपद में धारा १४४ लगा दी है। रालोद ने प्रशासन का सहयोग करने का निर्णय लेते हुए हाईकमान के निर्देश पर किसान सम्मेलन को स्थगित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने जानकारी दी कि धारा १४४ समाप्त होने के बाद ही दोबारा किसान सम्मेलन को करने के लिए तिथि तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि रालोद हमेशा से किसान, मजदूरों के हितों के लिए आन्दोलन करती आ रही है। चाहे गन्ना भुगतान का मुद्दा रहा हो या बिजली बिल का। रालोद किसी भी धारा को तोड़कर सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा, भाजपा सरकार ईडी, बुलडोजर व प्रशासन का सहयोग लेकर किसानों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन रालोद कार्यकर्ता भाजपा के हथकंडों का जवाब देने के लिए तैयार है। भाजपा ने एक साजिश के तहत जनपद में धारा १४४ लगवाई है। भाजपा किसान व मजदूर को एक मंच पर नहीं आने देना चाहती। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को किसान सम्मेलन की सूचना दी गई थी, जिसके बाद ही एक साजिश के तहत किसान सम्मेलन को विफल करने के लिए धारा १४४ का सहारा लिया गया है। थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि प्रशासन ने भी किसी भी प्रकार की धारा का सहारा लेकर किसानों व मजदूरों का उत्पीड़न करेगी तो रालोद कार्यकर्ता धारा १४४ को तोड़ने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष मुकेश सैनी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तिरसपाल मलिक, अनवार चौधरी टपराना, सतबीर पंवार, हरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य उमेश पंवार, अरविन्द पंवार, सर्वेश आदि मौजूद रहे।

रालोद क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र चेयरमैन, विधायक प्रेस चौधरी, अशरफ अली पत्रकारों को संबोधित करते हुए।

सत्यपाल मलिक रिटायर होने के बाद ना राजनीति करेंगे, ना चुनाव लड़ेंगे

मेरठ, 30 सितंबर (वार्ता)। मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने शुक्रवार को राजनीति में आने की अटकलों को विराम देते हुए कहा कि वो ना तो सक्रिय राजनीति में शामिल होंगे और ना ही चुनाव लड़ेंगे। सत्यपाल मलिक 30 सितंबर को रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि सत्यपाल मलिक जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) में शामिल हो सकते हैं। हालांकि सत्यपाल मलिक ने कहा कि वो किसानों के हित में काम करेंगे और जब भी किसानों को जरूरत होगी वो किसानों को अपना समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता हरेंद्र मलिक और किरणपाल सिंह ने भी उनसे बुलंदशहर किसान सम्मेलन में शामिल होने की अनुमति के लिए उनसे संपर्क किया था। मलिक ने कहा कि इस कार्यक्रम का भी किसी राजनीतिक दल से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने कहा कि वह अलीगढ़ (2 अक्टूबर) और बुलंदशहर (8 अक्टूबर) में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किसानों की सभा में शामिल होंगे।

पाकिस्तान में एयर होस्टेस को अंडर गारमेंट पहनने की हिदायत

इस्लामाबाद, 30 सितंबर (वार्ता)। ईरान में हिजाब की अनिवार्यता के खिलाफ चल रहे महिला आंदोलन, महिलाओं द्वारा विरोध स्वरूप सरेआम खुद के बाल काटने के अभियान के बीच पाकिस्तान में एयर होस्टेस को लेकर चौंकाने वाली खबर आई है। पाकिस्तानी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस 'पीआईए' ने अपने एयर क्रू के लिए सादे कपड़े पहनकर अंडर गारमेंट पहनना अनिवार्य कर दिया है। पाक की नेशनल एयर लाइंस के महाप्रबंधक आमिर बशीर ने एयरलाइन की एयर होस्टेस के ड्रेसिंग पर आपत्ति जताई। इसके बाद एयर होस्टेस के ड्रेस कोड के संबंध में नए दिशानिर्देश जारी किए गए। बशीर ने कहा है कि पाक एयर होस्टेस के एयर लाइंस के दफ्तर में आते वक्त, होटलों में ठहरने के दौरान और दूसरे शहरों की यात्रा के समय अनुचित कपड़े पहनने के बारे में शिकायतें मिली थीं। उचित ड्रेस नहीं पहनने के कारण पीआईए की छवि खराब हो रही है। इसलिए अब महिला परिचारिकाओं की ड्रेस पर नजर रखी जाएगी। उन्हें कहा गया है कि वे पारदर्शी कपड़े पहनते वक्त अंतरवस्त्र अनिवार्य रूप से पहनें, ताकि उनके परिधान आपत्तिजनक न लगें। उन्हें हमेशा उचित ड्रेस पहनना चाहिए।

हाईटेंशन लाइन की आड़ में रेलवे कालोनी में दर्जनों हरे-भरे पेड़ कटवाए

शामली, ३० सितम्बर (बु.)। विद्युत हाईटेंशन लाइन के करंट से बचने की आड़ में स्थानीय रेलवे स्टेशन के कुछ अधिकारियों ने आवासीय कॉलोनी के दर्जनों हरे-भरे पेड़ कटवा दिये, जिससे रेलवे के अफसरों की पेड़ों के प्रति जिम्मेदारी पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। शामली रेलवे की आवासीय कॉलोनी में शुक्रवार को हरे भरे पेड़ों पर जमकर बिजली की आरियां चला दी गई। रेलवे की हाईटेंशन लाइन के करंट से लोगों को बचाने की आड़ में विभाग के कुछ अधिकारियों ने कॉलोनी में अपने घरों के सौंदर्य को बनाने के लिए परिसर में लगे वर्षों पुराने हरे-भरे फलदार और छायादार पेड़ बेखौफ होकर कटवा दिये। जब इस बारे में पेड़ कटवाने वाले ठेकेदार से जानकारी की गई, तो उसने प्रभागीय विक्रय प्रबंधक गाजियाबाद विक्रय प्रभाग के उप्र वन निगम दिल्ली रोड़ मेरठ अनुमति पत्र दिखाया, जिसमें हींड से जलालाबाद तक रेलवे परिचालन एवं कैराना रेंज शामली के मध्य ११३ पेड़ काटने की अनुमति दिखाई। रेलवे द्वारा पेड़ कटवाने का उद्देश्य रेलवे विद्युत लाईन के साथ प्लेटफार्मों पर लाईन में बाधक बन रहे पेड़ों की कटाई और छंटाई कराना है, ताकि इलैक्ट्रिक ट्रेनों के संचालन में कोई कठिनाई न आए, लेकिन स्थानीय रेलवे स्टेशन के कुछ अधिकारियों ने इसकी आड़ में दर्जनों हरे भरे पेड़ों को धडल्ले से कटवा दिया और अब वहां या तो पेड़ के ठुठ बचे या फिर जाड़ से ही खत्म करा दिये। ऐसे में भारत सरकार का वायु प्रदूषण को रोकने के लिए रेलवे स्टेशनों और लाइनों के आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाने के प्रयासों को रेलवे के अधिकारी ही पलीता लगा रहे हैं।

नवरात्र में महिला श्रद्धालु ने जीभ काटकर चढ़ाई

सीतापुर, 30 सितंबर (वार्ता)। यूपी के कौशांबी जिले में शीतला माता मंदिर में श्रद्धालु द्वारा जीभ काटने की चर्चा अभी थमी भी नहीं थी कि एक और इसी तरह का मामला सीतापुर जिले से सामने आया है। पांचवें नवरात्र पर प्रसिद्ध तीर्थ नैमिषारण्य के मां ललिता देवी मंदिर में थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के बुढ़ाना गांव निवासी 40 वर्षीय महिला श्रद्धालु ऊधन तिवारी पत्नी जीतराम ने अपनी जुबान काटकर चढ़ा दी। महिला अपने पति और बेटी संग तीर्थ नैमिषारण्य आई थी।

मोबाइल टॉवर व मकान में चोरी

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। सिविल लाइन क्षेत्र में अज्ञात बदमाश एक मोबाइल टॉवर से लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गए इसके अलावा एक मकान से भी तीन महंगे मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी कर लिया गया। दोनों मामलों की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। सिविल लाइन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव भनवाड़ा निवासी मुर्सलीन पुत्र मजीद ने बताया कि वह जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में कार्य करता है। इस कंपनी का मोबाइल टॉवर इंदिरा कॉलोनी में लगा हुआ है, यहां से अज्ञात बदमाश टीन शेड, जनरेटर, एसी व अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला महमूदनगर में अज्ञात बदमाश एक मकान में घुसकर तीन महंगे मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सिविल लाइन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में महमूदनगर नगर निवासी शाकिब पुत्र अलीहसन ने बताया कि अज्ञात बदमाश उसके घर में घुसकर 3 महंगे मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

छात्रों के दो गुटों में संग्राम, एक छात्र घायल

खतौली, ३० सितम्बर (बु.)। रेलवे रोड पर छात्रों के दो गुटों में मचे संग्राम में एक छात्र घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख छात्र मौके से फरार हो गये। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे रोड एव विश्वविद्यालय, इण्टर कॉलेज सहित अनेक कोचिंग सैन्टर हैं, जहां प्रतिदिन स्कूलों व कोचिंग सैन्टरों के छात्रों का जमावड़ा सड़कों पर जमा रहना एक आदत बन गयी। वहीं छात्रों के गुटों में भीषण मारपीट की होने वाली घटनाएं जहां नगर क्षेत्र की कॉलोनी के परिवारों के लिए एक संकट भीषण संकट बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर कॉलोनिवासियों की बार-बार शिकायत के पश्चात भी कोतवाली पुलिस मात्र औपचारिकता तक सीमित बनकर रहा जाती है। जिसके कारण रेलवे रोड पर छात्रों के गुटों के बीच लाठी डण्डों व धारदार हथियारों के प्रयोग के साथ प्रतिदिन मारपीट की घटना को भी रेलवे रोड स्थित एक इण्टर कॉलेज के मुख्य द्वार पर छात्रों के दो खेमों में जमकर सड़क पर हुई मारपीट से आस-पास के दुकानदारों व कॉलोनी के परिवारों में हड़कम्प मच गया तथा झगडे में एक छात्र घायल होकर लहुलुहान हो गया। लोगों की सूचना पर सीओ सहित कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार पुलिस दल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस को आता देख उग्र छात्र मौके से फरार हो गये। इस दौरान मौके पर पहुंचे व्यापारी नेताओं रवि ग्रोवर, मोनू भगवानी, गौरी शंकर गौरी, सुरेश साहनी, सचिन तनेजा, रामकुमार गोयल सहित कॉलोनिवासियों ने छात्रों के प्रतिदिन होने वाले झगड़ों व रेलवे रोड पर निरंतर बढ़ रहे अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए कॉलोनी के परिवारों व दुकानदारों की सुरक्षा को संज्ञान में लेते हुए उक्त मार्ग पर पुलिस पिकेट तैनात करने तथा सीसीटीवी की समुचित व्यवस्था किये जाने की पुरजोर मांग की। लोगों के आक्रोष को देख पुलिस अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही समस्याओं का समाधान कराये जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में अतिक्रमण करने वालों को जमकर हड़काया तथा दुपहिया वाहनों की चैकिंग अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि रेलवे रोड पर स्कूलों सहित भारी संख्या में कोचिंग सैन्टर खुल हुए हैं, जिसको लेकर उक्त क्षेत्र की सड़कों पर दिनभर छात्रों का जमावड़ा लगे रहने से जहां महिलाओं का आवागमन प्रभावित बना रहना कॉलोनिवासियों के लिए एक विकराल समस्या बनी हुई है, वहीं रेलवे रोड पर प्रतिदिन अपना-अपना रुतबा बनाते हुए छात्रों के खेमों में खुलेआम होने वाला भीषण संग्राम पुलिस प्रशासन के लिए अग्निपरीक्षा साबित हो रहा है।

लापता हुई छात्राएं बरामद

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के अलमासपुर और गांव बीबीपुर से लापता दोनों किशोरियों को पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों को मेडिकल के लिए भेज दिया। पुलिस शनिवार को दोनों को बयान के लिए कोर्ट में पेश करेगी।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव बीबीपुर और अलमासपुर निवासी किशोरी सहेली है। बीती 26 तारीख को बीबीपुर निवासी किशोरी अपने घर से कोचिंग जाने के लिए निकली थी, लेकिन घर नहीं पहुंची थी। घर न पहुंचने पर स्वजन ने पुलिस को सूचना दी थी। इतना ही नहीं किशोरी ने स्वजन को फोन कर कहा था कि उसका अपहरण हो गया है। इसके चलते स्वजन में हड़कंप मच गया था। शुक्रवार शाम के समय पुलिस ने दोनों को रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। नई मंडी कोतवाल सुशील सैनी ने बताया कि अलमासपुर निवासी कक्षा नौ की छात्रा और बीबीपुर निवासी कक्षा दस की छात्रा सहेली है। 25 सितंबर को अलमासपुर निवासी किशोरी अपनी सहेली के घर बीबीपुर पहुंची थी। अगले दिन दोनों लापता हो गई थी। दोनों स्वजन को बिना बताए दिल्ली पहुंच गई थी। बताया कि एक किशोरी का स्वजन से किसी बात को लेकर मन मुटाव चल रहा था। इसके चलते दोनों दिल्ली पहुंच गई। शुक्रवार शाम को दोनों को रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों को मेडिकल के लिए भेज दिया। कोतवाल ने बताया कि शनिवार को दोनों के कोर्ट में बयान कराए जाएंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा

मुजफ्फरनगर, 30 सितम्बर (बु.)। बेसिक शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई।

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में मिशन प्रेरणा फेस 02 निपुण भारत के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं तथा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों को अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त किए जाने तथा मध्यान भोजन योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर सन्दीप भागिया की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अवस्थित परिषदीय विद्यालयों की 19 पैरामीटर्स की डीसीएफ फीडिग त्रुति रहित कराने के संबंध में समीक्षा के दौरान खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा दी गई सूचना में पाए गए अंतर के संबंध में निर्देशित किया कि 5 अक्टूबर 2022 तक सभी पैरामीटर की त्रुटि रहित फीडिंग करा कर सूची हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराएं साथ ही यह प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाए कि सूची में इंगित विद्यालय के अतिरिक्त अन्य सभी विद्यालय ऑपरेशन कायाकल्प के पैरामीटर से संतृप्त हैं। विगत समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के प्रति ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी पैरामीटर के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई तथा खंड शिक्षा अधिकारियों व खंड विकास अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर गतिशीलता लाकर सभी पैरामीटर को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज छात्र-छात्राओं के आधार सत्यापन, समेकित शिक्षा के अंतर्गत विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के चिन्हाकन एवं नामांकन तथा परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में रसोईघर की उपलब्धता, निपुण भारत मिशन, जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा निरीक्षण, डीबीटी के माध्यम से निशुल्क यूनिफॉर्म, बैग, जूता मोजा व स्वेटर वितरण योजना की समीक्षा की गई।

पीएफआई के साथ आरएसएस पर भी प्रतिबंध लगेः मायावती

लखनऊ, 30 सितंबर (वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार द्वारा इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाए जाने पर शुक्रवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे राजनीतिक स्वार्थ और संघ तुष्टीकरण से प्रेरित बताया और आरएसएस पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग का समर्थन किया।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को ट्वीट किया, केन्द्र द्वारा पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ देश भर में की गई कार्रवाई के बाद अन्ततः अब विधानसभा चुनावों से पहले पीएफआई समेत उसके आठ सहयोगी संगठनों पर प्रतिबन्ध लगा दिया है।

शेष : मां दुर्गा की छठी शक्ति

उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गोत्र में विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। इन्होंने भगवती परम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षों तक बड़ी कठिन तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। मां भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली थी। कुछ काल पश्चात् जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बहुत बढ़ गया, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिये एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी कारण से यह कात्यायनी कहलायीं। ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के वहां पुत्री रूप से उत्पन्न भी हुई थीं। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान् कृष्ण को पति रूप में पाने के लिये ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी-यमुना के तट पर की थी। ये ब्रज मण्डल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यन्त ही भव्य और दिव्य है। इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला और भास्कर है। इनकी चार भुजाएं हैं। माताजी का दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला वर मुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है। दुर्गा पूजा के छठवें दिन इनके स्वरूप की उपासना की जाती है। उस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्त को सहज भाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं। मां कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है। वह इस लोक में स्थित रह कर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाता है। उसके रोग, शोक, संताप, भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं। जन्म-जन्मान्तर के पापों को विनष्ट करने के लिये मां की उपासना से अधिक सुगम और सरल मार्ग दूसरा नहीं है। इनका उपासक निरन्तर इनके सान्निध्य में रह कर परम पद का अधिकारी बन जाता है। अतः हमें सर्वतोभावेन मां के शरणागत होकर उनकी पूजा-उपासना के लिये तत्पर होना चाहिये।